www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 3 | आंचलिक | 4 | अभिव्यक्ति | 6 | छत्तीसगढ़ | 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, मंगलवार 14 मई 2024 | वर्ष-8 अंक-29 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चुनाव में हर पार्टी अपनी जीत का दावा करती है। जिसकी जमानत जब्त होने वाली होती है वह भी भारी बहुमत से अपनी जीत की भविष्यवाणी करते हैं। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। हसीन सपने देखने का मुंगेरी लाल के पास सर्वाधिकार सुरक्षित थोड़े न हैं। इस बार के चुनाव में एक नई चीज देखने को मिल रही है। हर बड़ा नेता अपनी चुनावी सभाओं में अपनी पार्टी की जीत का दावा करते हुए यह डायलॉग जरूर चिपकाता है कि उनकी बात लिखकर रख लो। इस डिजीटल युग में भला कौन डायरी और पैन रखता है जो लिखकर रखे।

मेरा वारिस देश की जनता.. विरासत के रूप में सौंप जाना है विकसित भारत : पीएम मोदी

- विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा बाप-दादा की कमाई खाकर जीने वालों को रोजगार की समझ नहीं

हाजीपुर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के रोजगार के वादे पूरे नहीं करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी प्रसाद यादव समेत पूरे विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए आज कहा कि बाप-दादा की कमाई खाकर जीने वालों को रोजगार की समझ नहीं है। वहीं परिवारवाद और वंशवाद पर फिर प्रहार करते हुए कहा कि उनका वारिस देश की जनता है और उन्हें अपनी विरासत के रूप में आवाम को विकसित भारत सौंपकर जाना है।

पीएम मोदी ने सोमवार को यहां लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार चिराग पासवान के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में अपने संबोधन के दौरान रोजगार सृजन की दिशा में अपनी सरकार के किए गए कार्यों को गिनवाते हुए कहा कि उनके सेवाकाल में ठ्ठ शेष पृष्ठ 5 पर

बिहार में बने 3300 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस साल में बिहार में 3300 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं। इतने लंबे राजमार्ग बिना रोजगार दिए बन जाते हैं क्या। लगातार चौड़े हो रहे हाईवे और एक्सप्रेसवे हो, बिहार में खाद कारखाने का काम हो, अनेको बड़े पुल हों, पटना में मेट्रो का चल रहा काम हो, प्राकृतिक गैस का नेटवर्क हो या उज्ज्वला के तहत गैस पहुंचाने का नेटवर्क हो, ये सब रोजगार की गारंटी होते हैं। लेकिन, जो अपने बाप दादा की कमाई खाकर जीते हैं उनको रोजगार क्या होता है इसकी समझ नहीं है।

परिवारवाद और वंशवाद पर फिर प्रहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवाद और वंशवाद पर एक बार फिर प्रहार किया और कहा कि उनका वारिस देश की जनता है और उन्हें अपनी विरासत के रूप में आवाम को विकसित भारत सौंपकर जाना है। उन्होंने कहा मोदी के वारिस का कोई नाम नहीं है क्योंकि मोदी के वारिस आप हैं। मोदी का वारिस आपका परिवार और आपके बच्चे हैं। मुझे विरासत में आपको सबकुछ देकर जाना है। मुझे आपको सुख-चैन की जिंदगी, ठ्ठ शेष पृष्ठ 5 पर

आसमान छूती महंगाई में गरीब महिलाओं के लिए वरदान होगी महालक्ष्मी योजना : सोनिया

- वीडियो संदेश में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि देश की महिलाएं इस समय आसमान छूती महंगाई के कारण बड़े संकट से गुजर रही हैं और ऐसे समय में कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना उनके लिएए वरदान साबित होगी।

श्रीमती गांधी ने महिलाओं के नाम सोमवार को यहां जहां जारी वीडियो संदेश में कहा नमस्ते मेरी प्यारी बहनों, स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है , हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आयी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की केंद्र में यदि सरकार बनती है तो गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ है और उसकी नीतियां ही सबको आर्थिक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। उनकी शेष पृष्ठ 5 पर

मोदी नहीं बना पाएंगे चार जून को तीसरी बार सरकार : राहुल

रायबरेली, । उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार राहुल गांधी ने सोमवार को केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए दावा किया कि इस बार चार जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार जून को तीसरी बार सरकार नहीं बना पायेंगे। यहां हरचंदपुर इलाके में जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि रायबरेली और उनके परिवार से राजनीतिक इतिहास का शायद सबसे पुराना रिश्ता है और उनके परदादा को जवाहरलाल नेहरू को राजनीति करना रायबरेली के लोगो ने सिखाया है उन्होंने पार्टी की योजनाओं पर बल देते हुए कहा कि ठ्ठ शेष पृष्ठ 5 पर

सिर्फ खड़गे के हेलीकॉप्टर की जांच के आरोप बेबुनियाद: चुनाव आयोग

पटना। चुनाव आयोग ने बिहार में सिर्फकांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हेलीकॉप्टर की जांच के आरोप को बुनियाद बताया है। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) एच. आर. श्रीनिवासन ने रविवार को खंडन जारी कर कहा कि चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की जांच ब्यूरो ऑफ़ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) द्वारा निर्धारित एसओपी के अनुसार की जाती है। बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के हेलीकॉप्टरों की भी पहले जाँच की गई थी। यह आरोप बेबुनियाद है कि सिर्फएक राष्ट्रीय पार्टी के नेता के हेलीकॉप्टर की जांच की गई।

आप नेता मालीवाल से मारपीट, महिला आयोग ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य सभा सांसद और आम आदमी पार्टी की नेता स्वाती मालीवाल के साथ दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट पर कार्रवाई की मांग की है। महिला आयोग ने सोमवार को यहां बताया कि आयोग ने दिल्ली पुलिस से इस मामले की जांच के लिये जांच दल भेजने की मांग की है। आयोग ने कहा कि इस मामले में न्याय किया जाना चाहिये और दोषियों को न्याय के समक्ष लाया जाना चाहिये। आयोग ने कहा है कि दिल्ली पुलिस को इस संबंध में एक पत्र भेजा जा रहा है, जिसमें तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गयी है।

सोरेन को जमानत देने दिल्ली सीएम अरविंद का रखा उदाहरण

लगाई गई याचिका पर ईडी को सुको का नोटिस

नई दिल्ली उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने श्री सोरेन का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से बार-बार शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किये जाने पर ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 17 मई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ इस मामले को गर्मी की छुट्टियों के दौरान या जुलाई में विचार के लिए सूचीबद्ध करना चाहती थी, लेकिन सिब्बल ने सुनवाई के लिए शीघ्र सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। उन्होंने तारीखों की सूची का भी हवाला दिया, क्योंकि शीर्ष अदालत ने सोरेन को अपनी गिरफ्तारी और मामले में हुई देरी के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा था, जिससे 2024 के आम चुनावों के दौरान सोरेन के अधिकार कथित तौर पर प्रभावित हुए।

सीबीएसई का परिणाम... बेटियों ने भरी उड़ान

इस बार 6.40% अधिक छात्राएं रहीं सफल, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में इस बार 87.98 प्रतिशत परीक्षार्थी पास

- 91.52 प्रतिशत सफलता के साथ लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ा
- ट्रांसजेंडर श्रेणी में 50 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण
- सीबीएसी बोर्ड परीक्षा 10वीं में 93.60 प्रतिशत स्टूडेंट उत्तीर्ण हुए

नई दिल्ली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। परणाम में हमारी बेटियों ने जबरदस्त उड़ान भरी है। इस बार 87.98 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए।

सोमवार को घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम के अनुसार 91.52 प्रतिशत सफलता के साथ लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। उत्तीर्ण छात्रों का अनुपात 85.12 प्रतिशत रहा। उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) श्रेणी में 50 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा में 122170 छात्रों को पूरक परीक्षा में बैठने का मौका दिया गया है। इस बार 24068 परीक्षार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 18417 विद्यालयों 17 लाख 41 विद्यार्थियों शेष पृष्ठ 5 पर

इस बार 85.12 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

इस बार छात्राओं का पास प्रतिशत छात्रों के पास प्रतिशत से 6.40 प्रतिशत अधिक रहा। इस बार 91.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। वहीं 85.12 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए है , जबकि उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) का उत्तीर्ण प्रतिशत 50 रहा। सीबीएसई अधिकारियों के अनुसार 12वीं की पूरक परीक्षा 15 जुलाई से आयोजित की जाएगी। पूरक और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन ऑनलाइन होगा और बोर्ड छात्र से किसी भी ऑफलाइन आवेदन को स्वीकार नहीं करेगा।

सीबीएसई 12वीं-10वीं में लड़कियां अव्वल: छिंदवाड़ा की अंशिका पवार को 10वीं में 99 प्रतिशत अंक

भोपाल की आशमी राय को 12वीं में 97.40 प्रतिशत मार्क्स मिले

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। 12वीं में अजमेर रीजन का रिजल्ट 89.53 प्रतिशत रहा है। अजमेर रीजन का देश में 10वां स्थान है। वहीं 12वीं का रिजल्ट जारी होने के करीब 2 घंटे बाद 10वीं का भी रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 10वीं बोर्ड में अजमेर रीजन का परिणाम 97.10 प्रतिशत रहा और देश में 5वां स्थान है। बता दें कि 2023 में 12वीं का रिजल्ट 89.27 प्रतिशत रहा था।

भोपाल की आशमी राय को 97.40 प्रतिशत मार्क्स मिले हैं। छिंदवा?ा की अंशिका पवार को 10वीं में 99 प्रतिशत अंक मिले। इटारसी की पावनी अग्रवाल ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए।

सागर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी टॉप किया है। टॉपर दीक्षा एस. अय्यर रहीं। दीक्षा को 98.4 प्रतिशत मार्क्स मिलें। इसी कक्षा की पूर्वी खन्ना को 97.8 प्रतिशत, विनायक रथ को 97.6 प्रतिशत, महक जैन को 97.4 प्रतिशत, दीपशिखा हितेश को 97.2 प्रतिशत, अदिति पांडे को 97.2 प्रतिशत शेष पृष्ठ 5 पर

भाजपा नेता और संवाददाता की गोली मारकर हत्या

जौनपुर, (ए.)। जौनपुर जिले के कोतवाली क्षेत्र के सबरहद बाजार में सोमवार सुबह अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने भाजपा नेता और सुदर्शन न्यूज के संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशुतोष श्रीवास्तव (45) भाजपा कार्यकर्ता थे। वह सुबह बाइक से प्रचार के लिए निकले थे। सुबह करीब नौ बजे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें रोका और चार अन्य लोग भी वहां आ गए। उन्होंने भाजपा नेता पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। आशुतोष को शाहगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शाहगंज विधायक रमेश सिंह और अन्य भाजपा नेता भी वहां पहुंच रहे हैं।क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही

एमपी में चौथे चरण की 8 लोकसभा सीटों पर 71.72 प्रतिशत मतदान

इंदौर में सबसे कम 60.53 प्रतिशत वोटिंग: ये 2019 से करीब 4 प्रतिशत कम

भोपाल/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 सीटों पर वोटिंग के साथ ही अब प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया है। चौथे दौर में सोमवार को इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, धार, खरगोन और खंडवा सीटों पर मतदान हुआ। यहां कुल 74 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। शाम 6 बजे तक इन सीटों पर वोटिंग का आंकड़ा 71.72 प्रतिशत रहा। इंदौर में सबसे कम 60.53 प्रतिशत वोट पड़े हैं। जबकि खरगोन में सबसे ज्यादा 75.79 प्रतिशत मतदान हुआ है।

2019 के मुकाबले 2024 में करीब 4 प्रतिशत कम मतदान

2019 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटों पर 71.16 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव में ये आंकड़ा 66.77 रहा है। जो 2019 के मुकाबले करीब 4.39 प्रतिशत कम है।

आंधी-तूफान और बारिश के बीच वोटिंग

चौथे चरण की वोटिंग के बीच प्रदेश में अचानक मौसम बदल गया। इंदौर, शाजापुर और धार समेत कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कहीं-कहीं ओले भी गिरे। जिससे कई जगहों पर मतदान केंद्रों पर लगे टेंट उड़ गए। जिससे मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि वोटर्स ने जज्बा दिखाते हुए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चौथे चरण के चुनाव में सुबह के समय मतदान केंद्रों पर वोटर्स में खासा उत्साह देखने को मिला। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रही। हालांकि दोपहर में गर्मी पड़ने से कम ही वोटर मतदान केंद्रों पर पहुंचे। शाम के दौरान फिर पोलिंग बूथों पर भीड़ नजर आई। सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। शेष पृष्ठ 5 पर

भारत-फ्रांस के बीच 'शक्ति' सैन्य शौर्य प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस के बीच सातवां 'शक्ति ' सैन्य अभ्यास सोमवार को मेघालय में पूर्ण रूप से विकसित और आधुनिक 'फोरन ट्रेनिंग नोड' उमरोई में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई तक चलने वाले संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी ने भी भाग लिया। शक्ति अभ्यास एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है।

गरमा-गरम

गड़बड़ी की आशंका ... उच्च न्यायालय में वोटिंग के आंकड़े तत्काल बेवसाइट पर डालने की याचिका पर सुनवाई 17 मई को

मतदान केंद्रों पर दर्ज मतों का लेखा-जोखा तत्काल हो बेवसाइट पर अपलोड

नई दिल्ली, (वार्ता) उच्चतम न्यायालय वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में हर चरण के मतदान के बाद सभी मतदान केंद्रों पर दर्ज मतों का लेखा-जोखा तत्काल अपने बेवसाइट पर अपलोड करने का चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण के इस संबंध में 'विशेष उल्लेख' के दौरान तत्काल सुनवाई करने का सोमवार को अनुरोध करने पर सहमति जताई और कहा कि इस मामले 17 मई को विचार किया जाएगा।

एडीआर की याचिका में प्रत्येक चरण के मतदान के बाद फॉर्म 17 सी. भाग-एक में दर्ज किए गए मतों की संख्या के पूर्ण आंकड़ों में सारणीबद्ध मतदान केंद्र-वार आंकड़े प्रदान करने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की गुहार लगाई गई है। याचिका में फॉर्म 17सी. भाग-दो की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियों को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का भी अनुरोध किया गया, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों के संकलन के बाद गिनती करने के उम्मीदवार-वार परिणाम शामिल थे।

सटीक आंकड़े के बिना वोटिंग के आंकड़े अर्थहीन

एनजीओ ने अपनी याचिका में दलील दी कि जब तक सटीक आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जाते, प्रतिशत में दिए गए आंकड़े मतदाता के लिए अर्थहीन हैं। याचिका में कहा गया है कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस ने छह मई 2024 को चुनाव आयोग को एक पत्र लिखकर प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या, मतदाता सूचियों में दर्ज मतदाताओं की कुल संख्या और तदनुसार मतदाताओं की संख्या प्रकाशित करने का अनुरोध किया था।

इसी प्रकार से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी अन्य राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर मतदान प्रतिशत में वृद्धि और डाले गए मतों की संख्या का खुलासा न करने पर सवाल उठाया है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने भी तीन मई को चुनाव आयोग को एक पत्र लिखकर मतदान के आंकड़े जारी करने में देरी और विसंगतियों पर चिंता जताई थी।

दिल्ली में मनोज तिवारी लगाएंगे हैट्रिक या कन्हैया कुमार मारेंगे बाजी!

नई दिल्ली। दिल्ली में लोकसभा चुनावों को लेकर सरगर्मियां चरम पर हैं. कांग्रेस-आप गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी के बीच-बीच सीधा-सीधा मुकाबला है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने के बाद चुनाव प्रचार में एकाएक उफान आ गया है. वैसे तो सभी सातों सीटों पर मुकाबला बेहद दिलचस्प है, लेकिन उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं. क्योंकि इस सीट पर पूर्वांचल के दो दिग्गजों में महा दंगल हो रहा है. एक तरफ बीजेपी के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी जीत की हैट्रिक लगाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार किसी बड़े उलट-फेर की कवायद में जुटे हैं. इस सीट पर दिल्ली में सबसे अधिक 28 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं.

वैसे तो पूरे देश की तरह यहां भी '400 पार' और इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय मुद्दे छाए हुए हैं, लेकिन उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की जनता विकास के मुद्दों पर प्रत्याशियों से सवाल-जवाब कर रही है. भोजपुरी गायक-अभिनेता से नेता बने मनोज तिवारी जहां हजारों-करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को लेकर जनता से वोट मांग रहे हैं, वहीं कांग्रेस के कन्हैया कुमार इलाके की बदहाल स्थिति को लेकर मौजूदा सांसद को कठघरे में खड़ा करते हुए जनता के बीच जा रहे हैं. मनोज तिवारी के सामने जीत को बरकरार रखने का भी दबाव है. क्योंकि, दिल्ली की 7 सीटों में से बीजेपी इस बार 6 पर नए उम्मीदवार उतारे हैं. केवल मनोज तिवारी को फिर से टिकट दिया गया है.

2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मनोज तिवारी ने कांग्रेस की दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 3 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था. मनोज तिवारी को कुल 7,87,799 वोट मिले थे. उस समय आम आदमी पार्टी से दिलीप पांडे चुनाव लड़े थे. इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन है. 2014 के चुनाव में बीजेपी के मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के प्रोफेसर अनंत कुमार को 1.44 लाख वोटों से हराया था. इस चुनाव में कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल 2.14 लाख वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थे.

इस बार कांग्रेस और आप में गठजोड़ होने से मनोज तिवारी के सामने जीत की राह थोड़ी मुश्किल जरूर हो गई है. लेकिन फिर भी वे अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं. जानकारों का कहना है कि 2019 में कांग्रेस की शीला दीक्षित को 4.21 लाख वोट मिले थे और आम आदमी पार्टी के दिलीप पांडेय को 1.90 लाख. अगर दोनों के वोटों को मिला दिया जाए तो 6.11 लाख वोट बैठते हैं. और अकेले मनोज तिवारी को 7.87 लाख वोट मिले थे. इसके अलावा मनोज तिवारी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इतने काम किए हैं कि अब देश की जनता पूरी तरह से बीजेपी का समर्थन कर रही है।

धार्मिक बने कन्हैया कुमार

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी-जेएनयू से सुर्खियों में आए कन्हैया कुमार वैसे तो अभी तक कोई चुनाव नहीं जीत पाए हैं, लेकिन इस बार वे चुनावी रिकॉर्ड को सुधारने के साथ-साथ छवि सुधार में भी लगे हैं. कन्हैया कुमार सभी धर्म गुरुओं का आशीर्वाद ले रहे हैं और सर्वधर्म की बात कर रहे हैं. कन्हैया कुमार का कहना है कि वे उत्तर-पूर्वी लोकसभा सीट के मुद्दों को मनोज तिवारी से ज्यादा जानते और समझते हैं।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोस सीट

उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र दिल्ली का सबसे घनी आबादी वाला इलाका है. यहां 24 लाख से अधिक मतदाता हैं और इनमें सबसे अधिक तादाद पूर्वांचल और उत्तराखंड के लोगों की है. इस लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की 10 सीट बुराड़ी, तिमारपुर, सीमापुरी, रोहतास नगर, सीलमपुर, घोंडा, बाबरपुर, गोकलपुर, मुस्तफाबाद और करावल नगर आती हैं.

4 जून को बनेगी 'I.N.D.I.A.' की सरकार...राहुल गांधी का दावा

बोले- बाहर निकलकर करें मतदान

नई दिल्ली। देश के अलग-अलग राज्यों में सोमवार सुबह 96 लोकसभा सीटों पर चौथे चरण का मतदान शुरू हो चुका है. इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों से वोट डालने की अपील की है. उन्होंने दावा किया कि केंद्र में 4 जून को 'इंडिया' ब्लॉक की सरकार बनने जा रही है।

राहुल ने कहा कि आज चौथे चरण का मतदान है, पहले तीन चरणों में ही यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि 4 जून को 'इंडिया' की सरकार बनने जा रही है. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए मतदाताओं से कहा, याद रखिए, आपके एक वोट से सिर्फ आपके लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा ही नहीं होगी, पूरे परिवार की तकदीर बदल जाएगी. इस दौरान उन्होंने अपने चुनावी वादे याद दिलाते हुए कहा कि एक वोट से युवाओं के लिए एक साल में एक लाख रुपये की पहली नौकरी पक्की. एक वोट से गरीब महिलाओं के बैंक खाते में एक लाख रुपए सालाना. इसलिए बड़ी संख्या में बाहर निकलकर वोट डालिए और बता दीजिए कि देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा ङ्क भटकेगा नहीं. आम चुनाव 2024 के तीसरे चरण तक, 20 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 283 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो चुका है. मतदान कुल सात चरणों में होना है. वोटों की गिनती 4 जून को होगी. लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में 10 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1,717 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है।

मोदी की लोकप्रियता... चुनावी अभियान में भारी बढ़त

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के तीन चरणों का मतदान समाप्त हो गया है और चौथे चरण की वोटिंग जारी है. इस बीच चुनाव प्रचार में सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है. विपक्ष जहां एनडीए सरकार के कामकाज पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है. वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके गठबंधन दलों सहित भाजपा के नेता सरकार के 10 साल के विकास के कामों का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच उपस्थित हैं और लगातार देश के विकास को गति देने की अपनी सोच को भी जनता के बीच रख रहे हैं. ऐसे में इस चुनाव में पीएम मोदी को चुनौती देने वाला गायब नजर आ रहा है. चुनाव विश्लेषक भी यही अनुमान लगातार लगा रहे हैं कि पीएम मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता संभालकर अगली सरकार बनाएंगे. बीजेपी और एनडीए की सीटों की संख्या को लेकर भविष्यवाणी की गई है. हर गंभीर चुनावी विश्लेषक इस बात से सहमत है कि मोदी 3.0 के लिए जारी इस चुनाव कैंपेन में एनडीए विपक्ष से आगे है.

विपक्षी दलों को इस चुनाव में बढ़त लेने के लिए सबसे पहले जनता के बीच अपने विचारों को लाना, लोगों के साथ संवाद आदि का प्रयास करना जरूरी है. लेकिन, इस चुनाव प्रचार में विपक्ष के बीच से यह सब नदारद है. दूसरी तरफ चुनाव की घोषणा के ठीक बाद पीएम मोदी ने मार्च में 9, अप्रैल में 68 और मई में 26 रैलियां की हैं. पीएम मोदी ने अब तक 24 से ज्यादा साक्षात्कार अपने व्यस्त चुनावी कैंपेन से समय निकालकर दिया है. उन्होंने क्षेत्रीय भाषा के चैनलों (थांथी टीवी, असम ट्रिब्यून, एशियानेट ग्रुप, विजयवाणी, न्यूज18, सकाल, ईनाडु, कच्छ मित्रा, दिव्य भास्कर, गुजरात समाचार, फूलछाब, संदेश न्यूज, आनंद बाजार पत्रिका) के साथ राष्ट्रीय (हिंदुस्तान, हिंदुस्तान टाइम्स, एएनआई) को साक्षात्कार दिया है. इसके साथ ही न्यूज़18 इंडिया, दैनिक जागरण, टाइम्स ऑफ़ इंडिया, टाइम्स नाउ और अंतर्राष्ट्रीय (न्यूज़वीक) मीडिया आउटलेट को भी उन्होंने साक्षात्कार दिया है.

पीएम मोदी लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद अब तक 21 रोड शो भी कर चुके हैं. इसके साथ ही लोगों से जुड़े रहने के लिए मंदिरों और गुरुद्वारों की अनगिनत यात्राएं करने के साथ प्रतिष्ठित लोगों और आम नागरिकों से मुलाकात भी करते रहे हैं. वहीं, विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी के प्रचार के तरीके को देखें तो उनके द्वारा शुरू की गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' चुनाव की घोषणा के बाद 17 मार्च को खत्म हुई. इसके बाद से 8 मई तक राहुल गांधी ने 39 जनसभाओं को संबोधित किया है, जिसमें मार्च में 1, अप्रैल में 29, मई में 10 जनसभाएं शामिल हैं. इसके साथ ही इन जनसभाओं में से कई जगहें तो ऐसी हैं, जहां कांग्रेस के जीतने की संभावना बहुत कम या ना के बराबर है. हालांकि, राहुल की इन जनसभाओं के आंकड़े और ज्यादा हो सकते हैं.

मीडिया के सामने आकर राहुल गांधी ने अभी तक कोई साक्षात्कार नहीं दिया है. हालांकि, 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' और इंडी गठबंधन के घटक दलों के साथ बैठकों के दौरान कुछ प्रेस कॉन्फ्रेंस जरूर हुई है. अब ऐसे में सवाल यह है कि पीएम मोदी को तीसरे कार्यकाल में आने से रोकने के लिए कोई मजबूत विपक्षी दल का नेता एक तिहाई से भी कम रैलियों को पीएम मोदी के मुकाबले कैसे संबोधित कर सकता है। वहीं, जब लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर हो तो कोई भी विपक्षी नेता लंबे समय तक चुनाव प्रचार से अनुपस्थित कैसे रह सकता है. कोई विपक्षी नेता जो पीएम मोदी को चुनौती देने की बात करता है, वह मुख्यधारा या वैकल्पिक मीडिया में साक्षात्कार क्यों नहीं दे रहा है। ये सभी तथ्य इस ओर इशारा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी को चुनौती देने वाले गायब नजर आ रहे हैं।

लोकसभा चुनावी वॉच

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रचार में जुटने बीते दिन रविवार को पटना में प्रधानमंत्री ने रोड शो किया था। वहीं, आज सुबह पीएम नरेंद्र मोदी गुरुद्वारा तख्त श्री पटना साहिब गए। पीएम मोदी वहां लंगर रसोई (सामुदायिक रसोई) भी गए, दाल बनाई और गुरुद्वारे में मौजूद संगत को भोजन परोसा।

करीब आधे दर्जन बूथों पर हजारों मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कटा, आयोग में शिकायत

दरभंगा। बिहार के दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान भारी संख्या में मतदाताओं के नाम काट दिए जाने से मतदाताओं ने बूथ संख्या 133, 134, 139, 140 और 142 पर जमकर हंगामा कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी शुभम आर्य और डीएसपी सदर अमित कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा है। फिलहाल पुलिस मतदाताओं को शांत कराने में लगी हुई है। वहीं, मौके पर पहुंचे नगर भाजपा विधायक संजय सरावगी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 17 महीने के महागठबंधन की सरकार के दौरान भाजपा समर्थक मतदाताओं का नाम काट दिया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से करते हुए जांच कर दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के मुताबिक, दरभंगा के शहरी इलाके के विभिन्न बूथों पर हजारों की संख्या मतदाताओं के नाम ही काट दिए गए हैं। मतदान करने पहुंचे मतदाता अपना नाम डिलीट देखकर आक्रोशित हो गए और बूथ 139 के बाहर हंगामा करने लगे।

मतदाताओं के नाम काटे जाने के मामले को लेकर नगर भाजपा विधायक संजय सरावगी ने आरोप लगाया कि पिछले 17 महीने महागठबंधन की सरकार के दौरान राजद के लोगों ने भाजपा समर्थक हजारों मतदाताओं का नाम सोची-समझी राजनीति के तहत कटवा दिया है।उन्होंने इसकी शिकायत डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से करते हुए मतदाताओं के नाम काटे जाने की जांच करने की मांग की है। उन्होंने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से नाम काटे जाने में दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो मतदाता कभी भी दरभंगा छोड़कर बाहर नहीं गए हैं, उनके भी नाम को मतदाता सूची से काट दिया गया है।

मणिशंकर अय्यर पर बोले बाबा बालकनाथ

राशन कार्ड से नाम हटाकर पाकिस्तान को सौंप देना चाहिए...

झज्जर। राजस्थान के पूर्व भाजपा सांसद और मौजूदा विधायक बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस नेता मणीशंकरअय्यर पर तल्ख टिप्पणी की है. बाबा बालकनाथ ने कहा है कि कांग्रेस के जो नेता पाकिस्तान की प्रशंसा कर रहे है, उन्हें पाकिस्तान ही चले जाना चाहिए. क्योंकि उन्हें पाकिस्तान पसंद है और ऐसे लोगों की भारत में कतई जगह नहीं है.

बाबा बालकनाथ सोमवार को हरियाणा झज्जर के गांव खेड़ी-खुम्मार सहित कई गांवों में भाजपा प्रत्याशी डा.अरविंद शर्मा के समर्थन में चुनावी सभाएं सम्बोधित करने आऐ थे. मणिशंकर अय्यर के बयान को लेकर बाबा बालकनाथ इस कदर नाराज दिखे कि उन्होंने यहां तक कह डाला कि ऐसे लोगों का भारत देश में बने राशनकार्ड से नाम हटाकर उन्हें विरासत के रूप में पाकिस्तान को सौंप देना चाहिए और यह बताना चाहिए कि यह पाकिस्तान की विरासत थी, इसलिए इन्हें पाकिस्तान को सौंप दिया गया।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के सवाल से बाबा बालकनाथ साफबचते नजर आए. उन्होंने इतना हीं कहा कि न्यायालय का सम्मान सर्वोप्रिय होना चाहिए और न्यायालय ने जो फैसला दिया है, वह भी सम्माननीय है. उन्होंने भाजपा के चार सौ पार के नारे को बेहद सार्थक बताया और कहा कि यह हर हाल में चुनाव परिणाम के बाद पूरा होने वाला है. उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी जी देश के तीसरे प्रधानमंत्री के रूप में फिर से कमान संभालने वाले है और क्योंकि कि देश की जनता दिल और मन से आदरणीय नरेन्द मोदी जी को देश के तीसरे प्रधानमंत्री के रूप में देख रही है।

कांग्रेस के आरोपों पर बोले अन्ना हजारे- 'अगर ऐसा हुआ तो देश में लग जाएगी आग'

अहमदनगर। राज्य में सोमवार को लोकसभा के चौथे चरण के लिए मतदान हो रहा है. चौथे चरण में अहमदनगर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है। राज्य की 13 सीटों पर वोटिंग हो रही है। सोमवार को वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस लगातार बीजेपी पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगा रही है। इस पर पहली बार अन्ना हजारे ने प्रतिक्रिया दी है।

अन्ना हजारे ने क्या कहा?

अगर कोई सरकार या पार्टी संविधान बदलने की कोशिश करेगी तो देश में आग लग जाएगी, लेकिन क्या संविधान बदलने की जरूरत है? भारत का संविधान दुनिया का सबसे अच्छा संविधान है। अन्ना हजारे ने कहा, किसी को भी इसे बदलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अन्ना हजारे ने 88 साल की उम्र में रालेगणसिद्धि में अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा है कि अगर हमें देश को मजबूत करना है तो वोट करना चाहिए, देश को चरित्रवान लोगों के हाथों में देने की जरूरत है।

कंगना रनौत ने फिर दोहराया- बोलीं, सही मायने में 2014 के बाद मिली थी आजादी

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय सीट से कंगना लगातार चुनाव प्रचार में डटी हुई है. रविवार को कंगना ने कुल्लू जिला के बंजार विधानसभा में 4 चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया. बजौरा में कंगना के पहुंचने पर स्थानीय लोगों और भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. हालांकि, इस दौरान कंगना रनौत की सिक्योरिटी के जवान लोगों को कंगना को हार पहनाने के लिए रोकते हुए नजर आए. लेकिन कंगना हंसमुख अंदाज में लोगों से मिलती रही. भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने बंजार विधानसभा के बजौरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी को देशद्रोही करार दिया. उन्होंने कहा कि पिछले 6,7 साल में भारत अर्थव्यवस्था में 11 स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है. उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर पहुंचने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश स्तर्क हो गए हैं. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शक्तियां और ताकतें कांग्रेस के साथ मिली हैं और कांग्रेस पहले से ही देशद्रोही थी।

उन्होंने कहा कि चाहे सीए के खिलाफ, चाहे किसान आंदोलन हो, ये लोग सड़कों पर प्रोटेस्ट करते हैं, उन्होंने कहा कि कई देशों में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ताकतें देश को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं. ऐसे में राहुल गांधी चांद पर कभी आलू उगाना चाहते हैं और और कभी मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं. राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए कंगना ने कहा कि कभी लोकतंत्र के मंदिर में राहुल गांधी आंख मार के जाते हैं और बचकानी हरकतें करते हैं . इन अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के खिलाफ हमको बच के रहना है।

प्रधानमंत्री मोदी युगपुरुष हैं

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युग पुरुष हैं और हमारा सौभाग्य है. कंगना ने एक बार फिर से दोहराया कि सही मायने में हमें 2014 में आजादी मिली है और इस देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की स्वतंत्रता, सनातन की स्वतंत्रता 2014 के बाद ही मिली . 1947 में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर इस्लामिक कंट्री पाकिस्तान को बनाया था तो हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं बनाया. उन्होंने कहा कि अब हम भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएंगे।

न्यूज गैलरी

आईपीएल में सट्टा लगवा रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

छतरपुर/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत रात में गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिलने पर पटवारी मोहल्ले में कुछ लोगों और एक कार में बैठे सट्टा लगा रहे थे। तभी सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश दी और बिना नंबर की काले रंग की कार में बैठे युवाओं को नीचे उतरने को कहा पुलिस ने देखकर युवक भाग खड़े हुए। जिसमें से पुलिस ने एक को पकड़ लिया। देश में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के क्रिकेट मुकाबलों पर सट्टा लगवाने वालों की कड़ी निगरानी के एसपी ने दिए थे निर्देशन। जिले के अलग-अलग हिस्सों में प्रतिदिन सटोरियों को किया जा रहा है। गिरफ्तार। इसी कड़ी में बीती रात कोतवाली पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसकी लग्जरी कार और लाखों की संपत्ति को जब्त किया है। सोमवार की शाम 6 बजे शहर की सिटीकोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि रात गश्त के दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के परवारी मोहल्ले में कुछ लोग एक कार में बैठकर सट्टा लगवा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस ने संबंधित स्थान पर दबिश देकर बिना नंबर वाली काले रंग की लग्जरी कार में बैठे युवकों को नीचे उतरने के लिए कहा। पुलिस को देखकर युवक भाग खड़े हुए जिसमे से एक को पुलिस ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम गोलू पुत्र नानु प्रजापति (19) साल निवासी एमएलबी कॉलेज के पास बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर बताया।

जो युवक भाग निकला था उसका नाम सुरेश रैकवार निवासी बेनीगंज मोहल्ला छतरपुर बताया है। जिसकी तलाश अभी जारी है। पकड़े गए युवक ने ऑनलाइन सट्टा लगाने की बात स्वीकार की। उसके पास मिले मोबाइल से पलिस ने सट्टा आईडी, 22 हजार 300 रुपए नगद, 1 मोबाइल और 16 लाख कीमत की लग्जरी वरना कार जब्त की है। इसके साथ ही पुलिस को एक रजिस्टर भी मिला है जिसमें 10 लाख 26 हजार 300 रुपए के लेन-देन का हिसाब अंकित है।

तेंदुए के हमले में पांच घायल: शिकार के चक्कर में पाडली गांव पहुंचा, वन विभाग, पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर किया रेस्क्यू

इटारसी/नवप्रदेश। इटारसी के ऑर्डनेंस फैक्ट्री के समीप एक तेंदुआ सोमवार सुबह शिकार के चक्कर में ग्राम पांडरी में पहुंच गया। ग्रामीणों की नजर जब तेंदुए पर पड़ी तो उन्होंने उसे भगाने का प्रयास किया। गुस्साए तेंदुए ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में पांच लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पथरोटा पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के एसडीओ मानसिंह मरावी ने बताया कि तेंदुआ शिकार के चलते रात में ही संभवतः यहां आ गया था। ग्रामीणों की नजर सुबह पड़ी तो गांव के लोग चिल्लाने लगे।

इसी बीच तेंदुआ एक घर में जहां भूसा रखा था वहां घुस गया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस वन विभाग की टीम और ग्रामीणों ने रेस्क्यू किया। तेंदुए को जाल डालकर पकड़ा और उसे सुरक्षित पकड़कर पिंजरे में बंद कर लिया।

पांचों घायल अस्पताल में भर्ती

इस हमले में पांडरी गांव के अमित दिसौरिया 22 साल, अरविंद मेहरा 36 साल, शिव प्रसाद मालवीय 73 साल, संतोष पाटिल 34, कन्हैया मेहरा 30 साल और सर्प मित्र विशेषज्ञ अभिजीत यादव को भी तेंदुए ने घायल किया है। पांच घायलों को इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है।

ग्रामीण बोले- हमने पकड़ा

ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम रेस्क्यू करने पहुंची लेकिन तेंदुआ एक घर से दूसरे घर में घुस रहा था। उसे पकड़ने में वन विभाग की टीम ने कोई मदद नहीं की। ग्रामीणों ने ही तेंदुए पर जाल डालकर पकड़ा है।

वन विभाग का दावा- हमारी टीम ने रेस्क्यू किया

वही संबंध में वन विभाग के एसडीओपी मानसिंह मरावी का कहना है कि ग्रामीणों के शोरगुल करने पर तेंदुए ने हमला किया गया है। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया। जाल लेकर हमारी टीम ही पहुंची। हम एहतियात के साथ पकड़ रहे थे। रेस्क्यू के दौरान चार से पांच कर्मचारी हमारे भी घायल हुए हैं। तेंदुए को पकड़ने के बाद उसे बाग देव वन चौकी लाकर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया है। तेंदुआ की उम्र ढाई साल के करीब बताई जा रही है।

मुंबई के संतानहीन शिक्षक ने खरीदा

29 लाख में बेचा 6 महीने का बच्चा: 12 आरोपियों सहित दो पति-पत्नियों ने बनाई किडनैपिंग की प्लानिंग

रीवा/नवप्रदेश। रीवा से 6 माह के बच्चे के अपहरण मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पूरी वारदात में कुल 12 आरोपी शामिल थे। जहां रीवा से चोरी किया गया 6 माह का बच्चा मुंबई के कल्याण में एक संतान विहीन शिक्षक को 29 लाख रुपए में बेचा गया था। सभी आरोपी बच्चे को बेचकर मिले पैसे में हिस्सेदार थे। पुलिस ने पूरे मामले में 11 आरोपियों को मुंबई,जबलपुर और मऊगंज समेत 3 जगहों से गिरफ्तार किया है। जबकि आरोपी अतुल जयसवाल अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

रीवा में 6 और 7 मई की दरमियानी रात 3 बजे कॉलेज चौराहे से बदमाशों ने मच्छरदानी के भीतर सो रहे मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया था। बच्चे के मां-बाप मनीषा बाई और अरविंद बच्चे तक पहुंच पाते। इसके पहले ही बदमाश बच्चे को लेकर फरार हो गए। सूचना पर 7 मई को थाना सिविल लाइन में 363,370,34 के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक घटना संवेदनशील और सनसनीखेज थी। इसलिए बच्चे को खोजना चुनौती की तरह था।

सीसीटीवी में कैद हुए बाइक सवार अपहरणकर्ता

घटना की सूचना मिलते ही शहर और जिले भर में नाकेबंदी की गई। बच्चे और आरोपियों की तलाश के लिए तत्काल 3 टीमें गठित की गई। इस दौरान पुलिस ने जब कॉलेज चौराहे पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो दो आरोपी बाइक से बच्चे को लेकर भागते हुए दिखाई दिए। सीसीटीवी फुटेज से ही पुलिस ने बाइक के नंबर का पता लगाया। 8 मई को बाइक से बच्चे का अपहरण करने वाले आरोपियों की पहचान पुलिस ने मो. सलीम और अतुल जायसवाल निवासी मऊगंज के रूप में की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सलीम को 8 मई की रात मऊगंज के सूनसान जगह से घेराबंदी कर पकड़ा। सलीम ने ही पुलिस की पूछताछ में पूरी घटना का खुलासा किया।

पति-पत्नी ने मऊगंज में बनाई बच्चे के किडनैपिंग की योजना.....फिर दंपति को बेचा

जांच में पाया गया कि आरोपी नितिन सोनी अपनी पत्नी स्वाती के साथ मउगंज आया था। जिसने अपने साथी मो. हारून, मो. सलीम, मुस्कान रावत, देवेश जयसवाल और गुड्डू गुप्ता के साथ मिलकर किडनैपिंग की योजना बनाई। प्लानिंग के तहत वे 6 माह के बच्चे को किडनैप कर महाराष्ट्र के मुंबई शहर ले गए। जहां नितिन और स्वाती ने बच्चे को अमोल मधुकर,अरवी उर्फ सेजल और प्रदीप कोलम्बे को 8 लाख रूपए में बेच दिया। उसी बच्चे को अमोल मधुकर और सेजल ने श्रीकृष्ण संतराम पाटिल को 29 लाख रूपए में बेच दिया। अमोल मुंबई के एक जाने-माने अस्पताल में अटेंडेंर का काम करता है जबकि उसकी पत्नी अर्बी एक शेयर ट्रेडिंग कंपनी के लिए काम करती है। वहीं कृष्ण संत राम पाटिल मध्यप्रदेश के रायगड़ का रहने वाला है जो महाराष्ट्र में रहता है। वो पेशे से एक शिक्षक है। शादी के कई साल बाद भी उसे कोई संतान नहीं थी तो उसने आरोपियों के साथ मिलकर 29 लाख रुपए में बच्चे का सौदा तय कर डाला।

ऑटो चालक ने खोला राज

रीवा पुलिस को बच्चे का पता लगाने में महाराष्ट्र पुलिस का बेहतर सहयोग मिला। बच्चे को खोजने के लिए महाराष्ट्र पुलिस के खडकपाड़ा थाने के प्रभारी अनिल गायकवाड़ के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की दो टीमें बनाई गई। सबसे पहले पुलिस ने नितिन सोनी और उसकी पत्नी स्वाती सोनी को गिरफ्तार किया। तो उन्होंने पुलिस को बताया कि वे ऑटो रिक्शा से बच्चे को अमोल मधुकर और सेजल को देने गए थे। जिसके बाद रिक्शा चालक प्रदीप को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई। ऑटो चालक आरोपियों को पहले से व्यक्तिगत रूप से जानता था। इसलिए उसने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दे दी। धीरे-धीरे कड़ी जुड़ती गई और पुलिस मासूम बच्चे तक पहुंच गई।

53 साल की उम्र में शिक्षक को नहीं थी संतान तो शिष्य को सौंपा काम

बच्चे को खरीदने वाले पाटिल ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि 53 साल की उम्र में उसकी कोई संतान नहीं है। सालों से कई वैद्य,हकीम और डॉक्टरों के चक्कर लगाने और इलाज में लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी कोई उम्मीद नहीं है। इसलिए फैसला किया कि किसी ना किसी को बुड़ापे का सहारा बनाकर रहूंगा। इसलिए मैंने अपने पढ़ाए हुए शिष्य अमोल मधुकर से संपर्क किया। अमोल मधुकर ने यह बात अपनी पत्नी अर्बी उर्फ सेजल को बताई। दोनों ने बच्चा देने के लिए मुझसे 29 लाख में सौदा तय किया। जिसके बाद पति-पत्नी ने शहर में ही रहने वाले उनके परिचित नितिन, स्वाती और प्रदीप से बच्चे की पेशकश की।

अनियंत्रित होकर डंपर पलटा: तीन चचेरे भाइयों में से एक की मौत

शिवपुरी/नवप्रदेश। शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के लुकवासा अनाज मंडी के सामने क्रॉसिंग पर सोमवार की दोपहर एक अनियंत्रित डंपर ने क्रॉसिंग पर खड़े बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग मामूली घायल हुए हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिड़ बड़ेरा गांव के रहने बाले तीन चचेरे भाई भागीरथ पुत्र चंपालाल जाटव (40), मोहन लाल पुत्र खेरू जाटव (45) और प्रकाश पुत्र रंगी लाल जाटव (28) अपने गांव से छोटी घुरवार रिश्तेदारी में आयोजित धार्मिक आयोजन के भंडारे में शामिल होने बाइक पर सवार होकर जा रहे थे।

इसी दौरान तीनों भाई लुकवासा कस्बे की क्रासिंग पर गिट्टी से भरे डंपर को आता देख रुक गए थे। लेकिन इसी दौरान एक वाहन को बचाने के फेर में डंपर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक चालाक भागीरथ पुत्र चंपालाल जाटव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हैं। वहीं उसके दोनों भाई मोहन लाल और प्रकाश की जान बाल बाल बच गई।

बता दें कि डंपर बाइक को अपने चपेट में लेने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने डंपर के नीचे दबे होने का संदेह जारी किया था। इसके बाद पुलिस ने तत्काल मौके पर क्रेन बुलाकर पलटे डंपर को हटवाकर देखा जहां उन्हें डंपर के नीचे कोई नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नाबालिग को बंधक बनाने वाली महिला गिरफ्तार: आरोपी के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार के आधा दर्जन मामले दर्ज

छतरपुर/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत के शहर में देह व्यापार संचालित करने वाली एक महिला ने नाबालिग लड़की को स्कूटी दिलाने का प्रलोभन दिलाकर अपने पास बुलाया और इसके बाद बंधक बनाकर उसे गलत काम करने के लिए मजबूर किया। यह मामला उस वक्त सामने आया। जब पीड़ित लड़की के पैर में गोली लगने के कारण उसे जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने जब लड़की से पूछताछ की तो उसने पूरी आपबीती पुलिस को बताई, जिसके बाद महिला सहित उसके तीन अन्य पुरुष साथियों के ऊपर गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुरुष अपराधियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है लेकिन मुख्य आरोपी महिला फरार चल रही थी। बीते दिन महिला पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार की शाम 5 बजे एसपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में मामले का खुलासा किया। एसपी अगम जैन ने बताया कि 18 मार्च 2024 की रात को कोतवाली थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के पैर में गोली लगने की घटना सामने आई थी। जिला अस्पताल में जब पुलिस ने बालिका से पूछताछ की तो उसने बताया कि बड़ामलहरा क्षेत्र के शातिर अपराधी मंजू पटैरिया ने उसे गोली मारी है। नाबालिग बालिका को उपचार के बाद विधिवत वन स्टाप सेंटर छतरपुर ले जाया गया। जहां काउंसिलिंग के दौरान नाबालिग बालिका ने बताया

कि वह उत्तर प्रदेश के एक शहर की रहने वाली है। उसने बताया कि छतरपुर निवासी संतोषी तिवारी नामक महिला से उसका परिचय था। जिसने उसे स्कूटी दिलाने का प्रलोभन देकर छतरपुर बुलाया था। छतरपुर आने के बाद संतोषी तिवारी ने अपने साथी हरि सिंह, रक्कू उर्फ राकेश गोस्वामी और मंजू पटैरिया की मदद से उसे बंधक बना लिया और गलत काम करने के लिए विवश किया गया। 18 मार्च को किसी बात को लेकर मंजू पटैरिया ने उसके ऊपर गोली चला दी थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। लड़की के कथन लेने के बाद महिला थाना में सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड विधान एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया। इसके साथ ही आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

जबकि जिले के अलग-अलग थानों में उसके साथी हरि सिंह पर 4, रक्कू उर्फ राकेश गोस्वामी पर 6 और मंजू पटैरिया पर 40 अपराध हैं। इस मामले के पुरुष अपराधी हरि सिंह, रक्कू उर्फ राकेश तथा मंजू पटैरिया को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

मुख्य आरोपी संतोषी तिवारी की तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी। बीते रोज महिला थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री ने अपनी टीम के साथ उसे गिरफ्तार किया। संतोषी तिवारी ने कुकृत्य करना स्वीकार किया गया है। सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी आगम जैन ने बताया कि मामले की मुख्य आरोपी संतोषी तिवारी पर थाना कोतवाली में 7 अपराध सहित उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में अनैतिक देह व्यापार सहित अन्य अपराधों के मामले दर्ज हैं।

भोपाल में कारोबारी से 40 लाख रुपए और मिले: महिला रिश्तेदार के घर छिपा रखे थे

भोपाल/नवप्रदेश। अशोका गार्डन क्षेत्र में कारोबारी कैलाश खत्री के पास से पुलिस को 40 लाख रुपए और मिले हैं। कारोबारी ने ये रुपए महिला रिश्तेदार के यहां छिपा रखे थे। पुलिस ने महिला रिश्तेदार के यहां छापा मारा। वह आरोपी की बहन बताई जा रही है। बता दें कि पुलिस ने गुरुवार रात अशोका गार्डन क्षेत्र स्थित एक घर में छापा मारकर करीब 32 लाख रुपए मिले थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवक मनी एक्सचेंज का काम करता था। उसके पास से एक लेटर मिलने की बात भी सामने आई है। हालांकि, पुलिस ने पत्र मिलने से इनकार किया था। डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि मामले में एडिशनल डीसीपी रश्मि अग्रवाल दुबे के नेतृत्व में टीम अन्य एंगल से भी मामले की जांच कर रही थी। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात कारोबारी के बैरागढ़ स्थित अन्य ठिकाने पर पुलिस ने दबिश दी। यहां से पुलिस ने नोटों से भरे 6 और बैग बरामद किए हैं। इनमें से 40 लाख 11 हजार चार सौ रुपए और मिले हैं। इस प्रकार बरामद कुल रकम 71 लाख 69 हजार 473 रुपए हो गई है। शुक्रवार को कार्रवाई के बाद

अशोका गार्डन की तत्कालीन थाना प्रभारी वंदना लक?ा को सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप है कि उन्होंने अधिकारियों को सूचना दिए बगैर ही कार्रवाई थी। शनिवार को मामले में थाने के चार अन्य पुलिसकर्मियों को भी लाइन अटैच कर दिया गया था। इसके बाद पुलिस पर नोटों से भरे बैग अज्ञात स्थान पर ले जाने के आरोप लगे थे।

भाई ले गया था नोटों से भरे बैग

कैलाश खत्री का भाई अनिल खत्री कार्रवाई के तत्काल बाद नोटों से भरे बैग लेकर भागा था। इसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हुई है। 50 से अधिक कैमरों के फुटेज चेक कर पुलिस ने पाया कि अनिल बैग पहले पंजाबी बाग के एक घर में लेकर गया। इसके बाद वह इन्ही बैग को बैरागढ़ में रहने वाली अपनी बहन के घर छिपा आया था। इन बैग को पुलिस ने अब बरामद किया है।

मार्केट में कारोबारी के दलाल सक्रिय

कैलाश के दलाल शहर के सभी प्रमुख मार्केट में सक्रिय हैं। वह दलालों को नोट एक्सचेंज कराने वाले ग्राहक लाने के एवज में कमीशन दिया करता था। उसने पुलिस को बताया कि 18 सालों से यही काम कर रहा है। मामले में आगे की जांच इनकम टैक्स डिपार्टमेंट करेगा। पुलिस ने आईटी को सूचना दे दी है।

कत्लखाने ले जा रहे गोवंश पकड़े गए: पुलिस की घेराबंदी के दौरान तस्कर भाग निकले

बैतूल/नवप्रदेश। थाना भैंसदेही पुलिस ने महाराष्ट्र कत्तल खाने ले जाए जा रहे 33 नग गोवंश जब्त किए हैं। घेराबंदी के दौरान तस्कर भाग निकले। पुलिस ने जब्त गोवंश गौशाला में सुरक्षित करवा दिए है। इस मामले में अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग 30-40 गौंवश को जामझिरी की तरफ से गाय बछडो को रस्सी के गले में जोडी बनाकर मारते पीटते कच्चे रास्ते से परतवाडा महाराष्ट्र के कत्ल खाने ले जा रहे है । जिसकी सूचना थाना प्रभारी अंजना धुर्वे अपने स्टाप के साथ मुखबिर के बताये स्थान पूर्णा नदी के पास घोगामा जोड गुदगांव भैसदेही मेन रोड पहुंचे। जहां पुलिस वाहन को झाड़ में छिपाकर स्टाफ भी छिपकर बैठ गया। थोडी देर बाद 30-40 गौवंश गाय बैलो को कुछ लोग मारते पीटते हाकते हुये ला रहे थे। जिसे घेराबंदी कर रोका गया।

मौके पर अंधेरा और बिजली पानी होने के। चलते तस्कर भाग निकले। मौके पर ही गौंवश की गणना की गई तो कुल 33 नग गाय, बछडे, बैल मिले। जिनके गले में रस्सी से एक दुसरे से बधे थे । जिन्हे अज्ञात आरोपीयो द्वारा महाराष्ट्र कत्लखाना वध के लिए ले जा रहे थे।

गौवंशो को पूर्णा गौशाला में सुरक्षार्थ रखा गया है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 11 पशु क्रूरता के तहत, 4,6,7 म.प्र कृषि उपयोगी पशु संरक्षण अधिनियम का पाया जाने से अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस मामले में में थाना प्रभारी भैंसदेही निरीक्षक अंजना धुर्वे, एसआई प्रीति पाटिल, एएसआई. अजय भाट, आरक्षक नारायण जाट, सुनील उइके, मनोज इवने, सुनील इवनाती, की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

विधायक पर केस के बाद पीठासीन अधिकारी सस्पेंड

एसडीएम की रिपोर्ट के बाद कलेक्टर की कार्रवाई; पुलिस जवान पर भी गिरेगी गाज

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के विरुद्ध धारा 188 के तहत केस दर्ज होने के बाद अब पीठासीन अधिकारी पर भी कार्रवाई हुई है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को पीठासीन अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। कलेक्टर सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस कमिश्नर को लेटर लिखा है।

बैरागढ़ एसडीएम विनोद सोनकिया की जांच रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई है। बता दें कि 7 मई को विधायक मसूद उत्तर विधानसभा स्थित बूथ क्रमांक-72 पर परिवार के साथ वोट डालने पहुंचे थे। उनके साथ उनका नाबालिग बेटा भी था। बेटे ने ही पोलिंग बूथ का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसमें

वह पिता के साथ बूथ के अंदर जाता दिख रहा था। इस मामले में संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शमशुल हसन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी और बेटे से ही मतदान कराए जाने का भी शक जाहिर किया था। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए थे।

एक दिन पहले विधायक पर हो चुका केस

इस मामले में विधायक मसूद पर एक दिन पहले रविवार को शाहजहांनाबाद थाने में धारा 188 के तहत केस दर्ज जा चुका है। हालांकि, जांच में बेटे से वोट डलवाने का मामला नहीं निकला था।

सुविचार

मित्रता उसी से करो जो तीन बातें समझ सके। आपकी मुस्कुराहट के पीछे छिपा दर्द, आपके गुस्से के पीछे छिपा प्यार और आपके चुप रहने की वजह। - अज्ञात

चार सौ पार के नारे को लेकर तकरार

इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य नेता हर चुनावी सभाओं में इस बार चार सौ पार का नारा लगा रहे हैं। इस नारे को लेकर एनडीए और आईएनडीआईए के बीच लगातार तकरार हो रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा है कि पूरे देश में मोदी सरकार के खिलाफ गहन रोष व्याप्त है। इसलिए मोदी की सरकार बनना बहुत मुश्किल है। वहीं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का तो यह कहना है कि भाजपा ने जो 400 पार का नारा उछाला है वह महज एक जुमला है। भाजपा 150 सीटों पर सिमटने जा रही है और केन्द्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस की तरह ही समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और वामपंथी पार्टियों के नेता भी 400 पार के नारे को नकार रहे हैं। उनका कहना है कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का 200 पार जाना भी मुश्किल है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत पर जेल से रिहा हुए नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का भी दावा है कि एनडीए किसी भी हालत में 400 के पार नहीं जा रहा है और भाजपा को ज्यादा से ज्यादा 180 सीटें मिलने जा रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि उन्होंने चुनाव विश्लेषकों के अलावा प्रबुद्ध नागरिकों के साथ इस बारे में विचार विमर्श किया है और वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि मोदी सरकार जा रही है। और देश में स्पष्ट बहुमत के साथ आईएनडीआईए की सरकर बनने जा रही है। मजे की बात तो यह है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियां यह तो बता रही है कि भाजपा और एनडीए को कितनी सीटें मिलने जा रही हैं लेकिन वे यह नहीं बता रही है कि खुद उनको कितनी सीटें मिलने जा रही है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी भी यह दावा कर रहे हैं कि इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में नया रिकॉर्ड़ बनाने जा रही है और एनडीए 400 का आंकड़ा पार करने जा रही है। पीएम मोदी यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस कितनी सीटें पाने जा रही है। नरेन्द्र मोदी के मुताबिक इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी लोकसभा में कुल सीटों का 10 प्रतिशत भी हासिल नहीं कर पाएगी और 50 से भी कम सीटों पर सिमट जाएगी। पीएम मोदी का कहना है कि एनडीए और उसके सहयोगी दलों ने संसद में कई बार लगभग 400 सांसदों का समर्थन जुटाया है इसलिए इस बार 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। उसे देखते हुए इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 से ज्यादा सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलना तय है। पीएम मोदी के अनुसार प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस और आईएनडीआईए में शामिल अन्य राजनीतिक पार्टियां जो नकारात्मक राजनीति कर रही हैं और उनकी सरकार के अच्छे कामों का भी विरोध कर रही हैं। उससे देश की जनता इनसे नाराज है। नतीजतन देश के मतदाता कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को सबक सिखाने का और सजा देने का मन बना चुके हैं। कांग्रेस इस बार सबसे कम सीटों पर सिमटने का रिकॉर्ड़ बना सकती है। कुल मिलाकर 400 पार के नारे को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में चल रही इस तकरार के कारण 400 पार का नारा चर्चा का विषय बन गया है।

बस्तर में ऑपरेशन क्लीन स्वीप

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान तेज कर दिया है। बस्तर में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के चलते इस साल 100 से अधिक नक्सलवादियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया है। इनमें से एक महीने के भीतर ही तीन बड़े एनकाउंटर किए गए हैं। सुरक्षाबलों की इस सख्ती के कारण नक्सली संगठनों में हड़कंप मच गया है। उसी का सुपरिणाम यह है कि अब नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं और समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने नक्सली संगठनों से पहले से ही हिंसा का रास्ता छोड़ कर बातचीत की पेशकश की थी। जिसे नक्सली संगठनों ने कबूल नहीं किया। नतीजतन अब सरकार ने नक्सली उन्मूलन के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान को केन्द्र सरकार का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़े अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही तेज की जाएगी और 2 साल के भीतर बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी के तहत पुलिस और सुरक्षाबल के जवान बस्तर में चुन चुन कर नक्सलियों की पतासाजी कर रहे हैं और उन्हें एनकाउंटर में ढेर कर रहे हैं। अभी भी समय है कि नक्सली संगठन ठकराव का रास्ता छोड़ें और राज्य सरकार द्वारा की गई वार्ता की अपील को कबूल करके सरकार के साथ बातचीत करें और समाज की मुख्यधारा में वापस लौट आएं। अन्यथा उनके खिलाफ अब निर्णायक कार्यवाही होना तय है।

प्रेरक प्रसंग

निराशा के बाद आशा

स्काटलैंड के राजा दूस को अपने शत्रुओं से छह बार हारना पड़ा। उसने हर बार प्रयत्न किए, किंतु असफलता के सिवाय और कुछ हाथ न आया। छह बार हार जाने के पश्चात् वह बहुत निराश हो गया था और खिन्न मन से अपने प्राण बचाने के लिए एक टूटे-फूटे स्थान में छिपा पड़ा था। नाना प्रकार के विचार उसके मन में घूम रहे थे। सोचता था, शायद मेरे भाग्य में असफलता ही लिखी होगी। इन्हीं विचारों में वह पड़ा हुआ था कि ऊपर छत पर उसकी निगाह गई। देखा एक मकड़ी जाला तानने के लिए बार-बार प्रयत्न करती है, किंतु बार-बार असफल होती है, उसका तार हर बार टूट जाता है। राजा बड़े मनोयोग के साथ उसकी ओर देख रहा था, छह बार वह मकड़ी असफल हुई, किंतु सातवीं बार उसका मनोरथ पूरा हो गया, उसने जाले को तान ही लिया। ब्रूस के मन में एक नवीन स्फुरणा हुई। उसने कहा-यदि सातवीं बार मकड़ी सफल हो जाती है, तो मैं भी कृतकार्य हो सकता हूँ। अब की बार उसने दूने उत्साह के साथ सेना का संगठन किया और शत्रु पर चढ़ाई कर दी। इस हमले में उसे सचमुच विजय प्राप्त हुई और अपना खोया हुआ राज सिंहासन प्राप्त कर लिया। हममें से कितने ही ऐसे हैं, जो एक-दो बार की असफलता से ही निराश हो जाते हैं और प्रयत्न को छोड़ बैठते हैं। यह सफलता का मार्ग नहीं है। विजय की पुष्प माला उसके गले में पहनाई जाती है, जो अनेक बार निराशा के अवसर आने पर भी उन्हें कुचलता हुआ अपने ध्येय पथ पर बढ़ता ही चला जाता है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:48, सूर्यास्त : 18:59, चन्द्रोदय : 10:14, चन्द्रास्त : 24:14, अयन : उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द (कलि संवत) 5126,मास वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : पुष्य, योग : गण्ड, प्रथमः करण, कौलवः(14:21 तक), द्वितीय करण : तैतिल (26:50 तक)

॥गोचर ग्रहाः॥

*सूर्य : मेष, चंद्र : कर्क, गल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:50, राहुकाल : 13:30 से 15:00, यमगण्ड : 10:45 से 12:23, दुर्मुहूर्त : 11:50 से 13:43, अमृत काल : 08:54 से, 10:34, सर्वार्थसिद्धि योग : 11:24 से 29:24, रवियोग : 11:24 से 29:24, विजय मुहूर्त

डॉ रामेश्वर मिश्र

अपने देश के समस्त नागरिकों के भले के लिए और भारत के पडोसी बन्धु देशों के भले के लिए हमें श्रेयष्कर पथ को जानना, पहचानना और अपनाना होगा। भारतीय संस्कृति एक बड़ी संस्कृति है, स्थिति और आकर की दृष्टि से भी भारत बड़ा देश और बड़ा समाज है। हमें इन सभी जिम्मेदारियों और कर्त्तव्यों का विचार करते हुए अपना मार्ग खोजना और बनाना है। स्वधर्म का मानवीय मूल्य 'जीयो और जीने दो' की परम्परा पर आधारित था, जिसके मूल मे प्रेम था जिसमे आटें की हाथ की चक्की थी, जिसमे तेल पेराई में गांव की खुशबू थी, जिसमे गन्ने की पिराई में अपनेपन की मिठास थी, मिट्टी की घड़े की सोंधी खुशबू थी, पत्तल दोने में खाना खिलाने वाली आत्मीयता थी, गौ-वंश के प्रति लगाव था। इस स्व में गावों में मिलने वाले मट्ठे का स्वाद था जिसके सृजन का स्रोत हमारी गांव की व्यवस्था थी, जिसमे हमारे संस्कार, संस्कृति, सभ्यता का धरोहर सुरक्षित था। ऐसे स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए हम सभी को अपनी सभी प्रकार के दुर्बलताओं, दुर्भावनाओं, पूर्वाग्रहों तथा अन्यान्य मानसिक विकारों तथा विकृतियों से विनिर्मुक्त होकर एक प्रांजल स्वस्थ्य निर्मल तथा मानवीय सदगुणों से युक्त होकर लोक मंगल की कामना के लिए कार्य करना होगा।

भारतीय मूल्यों की चिंतन परंपरा

आज भारतीय समाज में हमारी ज्ञान परम्परा नकल आधारित होती जा रही है, भारतीय संस्कृति के मूल्यों से प्रेरित और उसके स्वत्व को स्थापित करने के लिए अनेक विचारकों ने अपना योगदान दिया, इन्हीं विचारकों में धर्मपाल जी भी हैं। ऐसे समय में जब नफरत और जातिवाद ने लोगों के मन में वैमनस्यता भर दी है, स्व ज्ञान परम्परा और वैदिक ज्ञान परम्परा का स्थान तकनीकि ज्ञान पम्परा ने ले लिया है, हर व्यक्ति इस मशीन के युग में मानवीय मूल्यों से च्युत होता जा रहा है, भाई-चारे एवं अपनेपन का स्थान नफरत एवं ईर्ष्या ने ले लिया है, तब ऐसे में समाज को भारतीय बंधुत्व और भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल्यों से जोड़ने का कार्य भारतीय मूल्यों से प्रेरित धर्मपाल जी के विचारों ने किया। धर्मपाल जी ने भारतीय ज्ञान, विज्ञान, समाज, राजनीति और शिक्षा को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण शोध किया है, धर्मपाल जी भारतीय सभ्यता, संस्कृति में विदेशी व्यवस्था के घुसपैठ से चिंतित थे जो बाद में भारतीय व्यवहार परम्परा के पतन के लिए महत्वपूर्ण कारण बना।

धर्मपाल जी ने भारतीय परम्परा में निहित मानवीय सृजन की प्रेरणा एवं संस्कृति के अपनेपन को पुष्ट करने के लिए अनेक विषयों को भारत की परम्पराओं से लेकर पुस्तकों में लेखबद्ध किया। आज ये पुस्तकें- 'भारतीय चित्त मानस एवं काल', '18 वीं शताब्दी में विज्ञान एवं तंत्र ज्ञान', 'भारतीय परम्परा में असहयोग', 'रमणीय वृक्ष', '18 वीं शताब्दी में भारतीय शिक्षा', 'पंचायती राज एवं भारतीय राजनीति तंत्र', 'भारत में गोहत्या का अंग्रेजी मूल', 'भारत की लूट एवं बदनामी', 'गांधी को समझे', 'भारतीय परम्परा', 'भारत का पुनर्बोध' आदि पुस्तकें भारतीयों को विश्व पटल पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में सक्षम हैं, इन पुस्तकों के सार में किसी भी समस्या का समाधान निहित है। भारतीय शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, समाजनिष्ठता, समावेशी व्यवस्था को कमतर आंकने वाले लोगों के लिए ये संकलन सम्पूर्ण जबाब हैं। समाज के बदलते स्वरूप, टूटती सामजिक व्यवस्था, अन्धाधुंधकरण की नीति में भटके युवा पीढ़ी के लिए ये संकलन पथ प्रशस्त करने वाले हैं। भारतीयता की जो संकल्पना धर्मपाल जी द्वारा प्रयोग की जाती थी वह मानवीय प्रेरक एवं स्वदेश परक थी जिसका उल्लेख करते हुए धर्मपाल जी लिखते हैं कि-'स्वदेशी वह भावना है जिससे कि हम अपने आस-पास के परिवेश से ही अपनी अधिकतम आवश्यकताएं पूरी करते हैं और उनसे ही अधिकाधिक व्यवहार सम्बन्ध रखते हैं तथा स्वयं को उनका सहज अभिन्न समझते हैं, न कि दुरस्त लोगों और वस्तुओं से स्वयं को जोड़ने लगते हैं। स्वदेशी की यह भावना जब होगी तब हम अपने पूर्वजों के धर्म को आगे बढ़ाएंगे न कि किसी अन्य धर्म को अपनाने लगेंगे, अपने धर्म में जो वास्तविक कमी आयेगी उसे सुधारेंगे, राजनीति में हम स्वदेशी संस्थाओं का ही उपयोग करेंगे, उनकी कोई सुस्पष्ट कमियां होंगी तो उसे दूर करेंगे। आर्थिक क्षेत्र में आस-पास के लोगों तथा स्वदेशी परम्परा और कौशल द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे और उन्हें ही सक्षम तथा श्रेष्ठ बनायेंगे।' यह वही स्वत्व की कल्पना थी जिसमे अपने समाज में अपनों के लिए जुड़ाव था, जिसमे अपनों के लिए संघर्ष था, जिसमे अपनों को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प था।

इन्हीं संकल्पों के साथ प्रत्येक राष्ट्र की अपनी पहचान

होती है, उसकी जीवन शैली होती है, परम्परा, मान्यता, दैनंदिन व्यवहार के साथ शिक्षा और संस्कृति होती है, ऐसे में यदि किसी समाज पर आक्रमण कर दिया जाय और उसके शिक्षा व्यवस्था को भंग कर दिया जाय तो वह देश गुलाम हो जायेगा। हमारी निष्क्रियता, आलस्य, परावलम्बी बनने की प्रकृति और अपने सामाजिक व्यवस्था के प्रति अरुचि और भारतीय शिक्षा का भूमंडलीकरण जैसी नीतियों के चलते हमारे स्व का पतन होता जा रहा है इसलिए न केवल उत्पादन और वस्तु निर्माण के क्षेत्र में स्व का ह्रास हमारे यहाँ हो रहा है वरन दर्शन, समाज चिन्तन, विधि-विधान, राजनीति शास्त्र, आत्मचिंतन, शिक्षा, आर्थिक चिंतन आदि सभी क्षेत्रों में हम यूरोपीय बुद्धि से शासित होते चले गए। यह सब हमारी उपेक्षित नीतियों का फल है जिससे मानवीय संवेदनाओं जिसके मूल में स्व की भावना थी का ही पतन होता चला रहा है। भारतीय स्व की मूल भावना बंधुत्व आधारित समाज में निहित थी जिसका लक्ष्य सम्पूर्ण मानव समाज में व्याप्त वैमनस्य को समाप्त कर एकता के सूत्र में पिरोना था जिसको आज आधुनिकतावाद की वकालत करने वालों के द्वारा प्रेम आधारित मानवीय मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। उस एकता के स्वरूप को हम कैसे प्राप्त करेंगे इसका पथ प्रशस्त करने के लिए स्व के विचारकों के मानवीय प्रेम के रास्ते को प्राण मिल सकता है। अपनों को समझने और पहचानने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित समाज और जीवन के भौतिक तथ्यों को जानना बहुत आवश्यक है, हमे आज पहला कार्य यह करना होगा कि अपने लोगों के बीच आत्मसम्मान, साहस, परस्परता और सामूहिक स्वतंत्रता को शीघ्रात-शीघ्र स्थापित करना होगा। इन्ही स्थितियों से आगे बढ़ते हुए हमें अपने देश की परम्पराओं, मान्यताओं, विद्याओं और भारतीय स्वाभाव के आधार पर नया भारत बनाना होगा। मानवीय मूल्यों पर आधारित बंधुत्व केंद्रित देश निर्माण के लिए कार्य करना होगा, अब जब देश सुरक्षित है, देश में आधुनिकतावाद को बढ़ाने या अपनी कोई नयी दिशा निर्धारित कर उस तरफ चलने के लिए हमारे पास पर्याप्त साधन एवं क्षमताएं हैं तब हम सब मिलकर यह सोंच सकते हैं कि हमारा स्वधर्म क्या है? हमारे पूर्वजों का शील और सौंदर्य क्या रहा है? अपने देश के समस्त नागरिकों के भले के लिए और भारत के पडोसी बन्धु देशों के भले के लिए हमें श्रेयष्कर पथ को जानना, पहचानना और अपनाना होगा। भारतीय संस्कृति एक बड़ी संस्कृति है, स्थिति और आकर की दृष्टि से भी भारत बड़ा देश और बड़ा समाज है। हमें इन सभी जिम्मेदारियों और कर्त्तव्यों का विचार करते हुए अपना मार्ग खोजना और बनाना है। स्वधर्म का मानवीय मूल्य 'जीयो और जीने दो' की परम्परा पर आधारित था, जिसके मूल मे प्रेम था जिसमे आटें की हाथ की चक्की थी, जिसमे तेल पेराई में गांव की खुशबू थी, जिसमे गन्ने की पिराई में अपनेपन की मिठास थी, मिट्टी की घड़े की सोंधी खुशबू थी, पत्तल दोने में खाना खिलाने वाली आत्मीयता थी, गौ-वंश के प्रति लगाव था। इस स्व में गावों में मिलने वाले मठ्ठे का स्वाद था जिसके सृजन का स्रोत हमारी गांव की व्यवस्था थी, जिसमे हमारे संस्कार, संस्कृति, सभ्यता का धरोहर सुरक्षित था। ऐसे स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए हम सभी को अपनी सभी प्रकार के दुर्बलताओं, दुर्भावनाओं, पूर्वाग्रहों तथा अन्यान्य मानसिक विकारों तथा विकृतियों से विनिर्मुक्त होकर एक प्रांजल स्वस्थ्य निर्मल तथा मानवीय सदगुणों से युक्त होकर लोक मंगल की कामना के लिए कार्य करना होगा।

आज का इतिहास

14 मई 2012 में आज ही के दिन इजरायल की जेलों में बंद 1500 फिलीस्तीनी कैदी भूख हड़ताल खत्म करने पर सहमत हुए थे। 2010 में 14 मई के दिन ही भारत-रूस के बीच रक्षा, परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन, व्यापार एवं निवेश आदि में 22 समझौते हुए थे। 2008 में आज ही के दिन टाइम्स एनआईई ने इंटरनेशनल न्यूजपेपर मार्केटिंग एसोसियेशन (इनमा) अवार्ड-2008 जीता था। 2007 में 14 मई के दिन ही जापान ने अपने शांतिवादी संविधान में संशोधन संबंधी विधेयक को मंजूरी दी थी। 2001 में आज ही के दिन भारत और मलेशिया में सात समझौते हुए थे। 1999 में 14 मई के दिन ही सदी का आखिरी विश्व कप क्रिकेट की लॉर्डस (इंग्लैंड) में शुरुआत हुई थी। 1981 में आज ही के दिन नासा ने स्पेश व्हिकल स-192 लांच किया था। 1973 में 14 मई के दिन ही अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के समान अधिकार को मंजूरी दी थी। 1963 में आज ही के दिन कुवैत संयुक्त राष्ट्र का 111 वां सदस्य बना था। 1948 में 14 मई के दिन ही इजराइल ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1879 में 14 मई के दिन ही थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े थे। 1811 में आज ही के दिन ही पराग्वे स्पेन की पराधीनता से मुक्त हुआ था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इतना तो मन जानता

इतना तो मन जानता, बोला कितना झूठ । लाठी उसकी जो चली, बन जाओगे ठूँठ ॥ बन जाओगे ठूँठ, लगेगा मुख पर ताला। घुट जायेगी साँस, कसे मकड़ी सा जाला॥ सुमन भँवर के बीच, हाथ मारोगे जितना । भीतर लेगा खींच, फँसोगे गहरा इतना ॥

– सुमन ओमानिया

माँ कभी ना हारी चेहरे

माँ कभी ना हारी चेहरे पर मुस्कान सजी है सिर पर बोझ है भारी फिर भी ये माँ है , ?ये कभी ना हारी रोज की मेहनत मशक्कत से पैसा पाती तब चूल्हा जलने की आती बारी गरमी सर्दी मौसम आते जाते लेकिन इसे डिगा नहीं पाते माँ, तुझे मेरा सलाम है मां जैसा इस दुनिया में कोई नहीं

– अर्विना गहलोत

ख़ास पाती | रिश्तों मे बंटकर, ज़िम्मेदारी के बोझ

रिश्तों मे बंटकर, ज़िम्मेदारी के बोझ तले दबकर, अपने को जाना नही। खुद को पहचाना नही। जीवन संध्या की इस बेला मे आकर, मुड़ कर देखती हूँ , छोड़ कर आये उन पलों मे मै हूँ , पर अपने लिये कहीं नही। सोचती हूँ , दूसरों के लिये जीना सुखद अनूभूति। पर अपने को जाने बिना? सिर्फएक मशीनी एहसास । बस ज़िंदा होने का कर्ज़ उतारने जैसा। क्या ज़िंदगी कर्ज है? नही, फिर जीना फर्ज कैसा ? मौत के इंतज़ार तक । आगे आने वाले पल मे क्या कर पाऊँगी पहचान अपनी ?

– सीखा लाहिरी

माँ होने का मतलब पूर्णता है सुरक्षा का एहसास

माँ होने का मतलब पूर्णता है सुरक्षा का एहसास है ,बाकि जिनकी माँ नही है उनके जीवन मे सूनेपन और अपूर्णता का हाल सिर्फवही बता सकता है । जिनकी माँ है वे उनका खूब ख्याल रखें ,जिनकी माँ है उनका जीवन जब तक सूरज ,चांद रहे जब तक गंगा यमुना मे पानी रहे तक उनका जीवन भी आवाद रहे ...

– ऐडवोकेट अरून कुमार गुप्ता

जहां में तू सबसे है प्यारा मुझे

जहां में तू सबसे है प्यारा मुझे। जमीं पर है तुमने उतारा मुझे। तुम्हें क्यों न लाके दूं खुशियां सभी, किया तूने आंखों का तारा मुझे। तेरे प्यार की जो गंगा मिले, समंदर लगे माँ न ख़ारा मुझे। सफ़र कट ही जाएगा मुश्किल भरा, दुआओं का तेरा सहारा मुझे। हजारों जनम लूँ माँ तुम हो मेरी, अगर जन्म रब दे दुबारा मुझे।

– रूबी झा कमल

जख्म तुम अपने दिल के छुपाया करो

जख्म तुम अपने दिल के छुपाया करो दर्द-ए-दिल है दवा मुस्कुराया करो। दाग दे जाते हैं उम्र भर के लिए अपना ख़ारों से दामन बचाया करो। ज़िंदगी है बहर बेतुकी सी कोई क़ाफ़िया हौसले से निभाया करो। बाँट देती हो घर जो खुदा-राम के नफ़रतों की फ़सल मत उगाया करो। टूट जाते निगाहों के इक वार से दिल-ए-शीशा खुदा क्यों बनाया करो। माँ का आंचल है जन्नत जहाँ में तनुज ए खुदा दूर मत माँ का साया करो।

– सतीश मैथिल तनुज

कोरे सब वादे यहाँ,सब कोरा

कोरे सब वादे यहाँ,सब कोरा रह जायेगा। क्यूँ बना अजांन तू,भ्रम तेरा कब जायेगा।। किस्मतो की बात मत कर,कर्म भी ठूकरायेगा। होते हकिकत ख्वाब उनके,जो नीद से जग जायेगा।। मत देख जख्मों की निशानी,वरना यही रह जायेगा। हौंसलो को कर बुलंद,तब शिखर पर आयेगा ।। कौन समझा है दर्द किसी का,जो तेरा अपनायेगा। लिख इबारत सघर्ष की ,खुद सुक आजायेगा ।। लूट गया लमहा तेरा जो,लौट कर न आयेगा। जीत ले जो वक्त को,वो सिकदंर कहलायेगा।

– अजय श्री

माँ की ममता का कभी लगा न पाया मोल

माँ की ममता का कभी, लगा न पाया मोल, माँ के तप से ही मिला, यह जीवन अनमोल माँ छोटा सा शब्द है किन्तु अर्थ विस्तार, इसके अंदर है छिपा इस जीवन का सार दुख के बादल जब घिरे माँ दे शीतल छाँव इसके स्नेहाशीष से चलती जीवन नाव, अपनी संतति के लिए सहती दुःख अनूप धरती पर भगवान का माँ है दूजा रूप

–रवी पांडेय संयम

QUIZ TIME

1) वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस पर, केंद्र सरकार कितने लोगों को जीवन रक्षा पदकों से सम्मानित करेगी?

2) एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

3) समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफइंडिया लि. (पीटीआई) ने अपनी सेवाएं कब आरम्भ की थी?

4) पर्यावरण का जैविक कारक क्या है?

5) किस रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पूर्व महानिदेशक का हाल ही में अमेरिका में निधन हो गया वह रॉयल एकेडमी ऑफइंजीनियरिंग के पहले भारतीय फेलो थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 31 (2) विक्टोरा ग्रीस (3) 1 फरवरी 1949 (4) वनस्पति (5) डॉ. वी एस अरूणाचलम

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। दिन के आरंभ से ही मन मे अकारण क्रोध रहेगा।

वृषः आज का दिन भी आपके लिए आनंददायक रहेगा आज आप स्वतंत्र विचार रहने के कारण किसी के दबाव में नहीं आएंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा स्वभाव की मनमानी आज प्रत्येक क्षेत्र में आपको कुछ ना कुछ कमी रखेगी।

कर्कः आज के दिन आप अपने हास्य भरे व्यवहार से आस पास का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

सिंहः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाला है अतिमहत्त्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले किसी अनुभवी की सलाह अवश्य लें अथवा आगे के लिए निरस्त करें।

कन्याः आज का दिन आप को सार्वजनिक क्षेत्र से लाभ के साथ सम्मान की प्राप्ति कराएगा। स्वभाव में जल्दबाजी भी रहेगी।

तुलाः आज का दिन सिद्धिदायक है लेकिन आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाकर ही करें सफलता निश्चित मिलेगी ।

वृश्चिकः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में किये शुभकर्मों का फल आज किसी ना किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

धनुः आज आप दिनभर शारीरिक समस्या से जूझेंगे मौसमी बीमारियों का प्रकोप परिवार के सदस्यों को भी प्रभावित करेगा।

मकरः आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कार्यो को भी बनाने की क्षमता रखेंगे। मित्र परिजन विषम परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिये आपका सहयोग मांगेंगे।

कुंभः आज का दिन भी आपके धन कोष अथवा अन्य सुख के साधनों में वृद्धि करेगा। कार्य व्यवसाय में पहले से चल रही योजना फलीभूत होने से धन की आमद होगी।

मीनः आज आपको अपनी बुद्धि चातुर्य पर गर्व रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -056

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (ज.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (ज.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, स्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 055 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

न्यूज गैलरी

बिना बताए युवक हुआ गायब हैदराबाद में मिला लोकेशन

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 13.3.2024 को थाना बांगो में प्रार्थी प्रमिला बाई पति कृपाल सिंह टेकाम उम्र 30 वर्ष निवासी सासिन थाना बांगो जिला कोरबा के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसके पति कृपाल सिंह टेकाम पिता गुरु दयाल सिंह टेकाम उम्र 34 वर्ष निवासी सासिन थाना बांगो दिनांक 23.2.24 को अपने घर में पत्नी से विवाद करके कहीं चला गया था। जिस पर से थाना बांगो में गुम इंसान क्र 8/24 क़ायम कर जाँच में लिया गया। पुलिस द्वारा काफी खोज बिन के बाद पता चला कि कृपाल सिंह कमाने खाने के लिए हैदराबाद चला गया था वहां एक मसाला फैक्ट्री में काम कर रहा था।जिसे दिनांक 12.5.2024 को दस्तयाब किया गया है।

युवती ने की लाखों रुपए की हेराफेरी, थाने में शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। शंकर नगर स्थित अंबिका पायोटेक महाराजा में डाटा एंट्री ऑपरेटर व कैशियर के पद में काम करने वाली युवती ने ग्राहकों की बिक्री रकम 1 लाख 14 हजार रुपए का गबन कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी युवती के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अनामिका चौधरी 46 वर्ष अशोका रतन पंडरी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसकी शंकर नगर में अम्बिका पायोटेक महाराजा अपार्टमेंट नाम से ऑफिस है। जहां आरोपिया कुमारी रागिनी ध्रुर्वे 30 वर्ष डाटा एंट्री आपरेटर एवं कैशियर का काम करती थी। इस दौरान फुल का बिक्री रकम ग्राहकों से प्राप्त कर रसीद की मूल प्रति को फाड़ कर कागजात में छेड़छाड़ कर 1 लाख 14 हजार रुपए का गबन कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है।

डॉक्टर से 2 करोड़ की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 2 करोड़ 92 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डॉ. सुनील कुमार देवांगन 48 वर्ष अशोका रतन मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने फेसबुक में विज्ञापन देखा, जिसमें वाट्सअप में कनेक्ट करने पर शेयर मार्केट पैसा लगाकर ज्यादा पैसा कमाए। जिससे प्रार्थी लालच में आकर उसमें दिए हुए मोबाइल नंबर 9174093-64838 से संपर्क कर अलग-अलग खातों में 2 करोड़ 92 लाख रुपए जमा कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने दी जान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया था, जिसमें पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर सेक्टर 2 निवासी मृतक संदीप बग्गा 40 वर्ष ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया था। जिसमें पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी नितेश मित्तल 10 लाख रुपए उधार की बात को लेकर संदीप से आए दिन विवाद करता था। जिससे परेशान होकर संदीप ने आत्महत्या कर लिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 306 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो नग दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष कुश्वाहा 35 वर्ष डगनिया डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि वह वह अपनी बाइक क्रमांक पीएम 05 एमएस 1667 को आरकेसी के सामने शराब दुकान के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में डब्ल्यूआरएस कालोनी निवासी अश्वनी कुमार गढ़ेवाल 54 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीके 7024 को डब्ल्यूआरएस कालोनी के रेलवे मार्केट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 9 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर से नगदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। कमल विहार सेक्टर 4 स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 2500 रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एसके पौराणिक 60 वर्ष कमल विहार सेक्टर 4 का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने बीती रात उसके घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी 2500 रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 77500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर और नेवरा पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 71 पाव देशी शराब और टीवीएस एक्सल वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने फाफाडीह शराब दुकान के पास दबिश देकर आरोपी मोह.नदीम शेख 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने बिलाड़ी स्थित शादी फार्म के पास दबिश देकर टीवीएस एक्सल सवार आरोपी डामर सिंह कन्नौजे 19 वर्ष के पास से 55 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

11 करोड़ रुपए के तेंदूपत्ते का हो चुका है संग्रहण

तेंदूपत्ता संग्रहण में उत्साह

कवर्धा/नवप्रदेश। दूरस्थ अंचल में निवासरत वनवासियों एवं आदिवासियों की अतिरिक्त आय का प्रमुख स्त्रोत तेंदूपत्ता संग्रहण है। छ.ग. शासन द्वारा इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ा कर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा कर दी गई। परिणाम स्वरूप वनवासी भाई अपने पूर्ण परिवार सहित भीषण गर्मी में अधिक-से-अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण करने में जुट गए हैं। बेमौसम बारिश इस कार्य में रूकावट पैदा नहीं कर सका। बारिश बंद होते ही ग्रामीण तेंदूपत्ता संग्रहण में लग जाते हैं।

50 प्रतिशत लक्ष्यपूर्णः कबीरधाम जिले में 35000 वनवासी तेंदूपत्ता संग्रहण करते हैं। यह कार्य 5 मई से 22 मई तक किया जाना है। जिले का लक्ष्य 40,100 मानक बोरा है। परन्तु दिनांक 9 मई तक ही 19,621 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण हो चुका है। जिसकी संग्रहण राशि 10 करोड़ 79 लाख रुपए हैं।

9 मई को मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग तथा वन मंडलाधिकारी कवर्धा द्वारा राजानवागांव समिति के फड़ छपरी तेंदूपत्ता फड़ का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित उप वनमंडाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी कवर्धा, उप वन क्षेत्रपालो, तथा प्रंबधक एवं फड़ मुंशियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक संग्राहक को कम से कम 500 तेन्दूपत्ता गड्डी संग्रहण कर लाने हेतु प्रेरित करें ताकि उनके बालक-बलिकाओं को शिष्यवृत्ति एंव छात्रवृति का लाभ तथा परिवार के सदस्यों या मुखिया के आकस्मिक निधन होने पर संतप्त परिजनों को आर्थिक लाभ की पात्रता बने।

क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय

- ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों से कराने को मजबूर
- दवा दुकानों की आड़ में संचालित अधिकांशतः अवैध क्लिनिक

सूरजपुर/नवप्रदेश। मौसम के बदलते मिजाज से मौसमी बीमारियों से ग्रस्त ग्रामीण उपचार के लिए इन दिनों दवा दुकानों की आड़ में उपचार करने वाले झोलाछाप डाक्टरों के पास उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इससे इनका कारोबार जमकर चल रहा है। सिर्फ चंद पैसे के लालच में ग्रामीणों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। भोले भाले ग्रामीण सस्ते इलाज के फेर में आकर इलाज करा रहे हैं। वैसे तो शासन ग्रामीणों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील होने की बात करता है मगर इन झोला छाप डाक्टरों पर कार्रवाई नहीं होती। ऐसे में इनके हौसले बुलंद हैं। कई मरीजों की जान भी इनके उपचार से गई है मगर इस ओर सुध लेने वाले कोई नहीं है। सूरजपुर,भैयाथान विकासखंड में तो कुछ ऐसे झोलाछाप डाक्टर भी है जो लगभग 10 वर्ष से अधिक समय से अपना क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। झोला छाप के चक्कर में कई ग्रामीणों की जान भी चली गई है। लेकिन शासकीय विभागों में लेन देन कर कार्रवाई से बच जाते हैं। मरीज जाने अंजाने इनसे उपचार करा कर अपनी जान जोखिम में डालते हैं।

ड्रग इंस्पेक्टर की भूमिका संदिग्ध

कहने को तो जिले में दो ड्रग इंस्पेक्टरों की तैनाती है लेकिन इनके संबंध में आमजनों को शायद ही जानकारी हों, यदि कोई इन दवा दुकानों की आड़ में क्लिनिक संचालित करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायत कराना चाहें तो इनका नंबर जल्दी रिसीव नहीं होता। अधिकांश अवैध क्लिनिक संचालित करने वाले दुकानदारों द्वारा जिन फर्मासिस्ट के नाम पर दुकान संचालित कर रहे हैं अधिकांशतः काम कही और करते हैं और उनके नाम पर दुकान ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रही है।

घर अंदर में चल रहा क्लिनिक

बसदेई ग्राम सहित आसपास में ही 4 से 5 झोलाछाप डाक्टरों का क्लिनिक संचालित है। घर को ही क्लिनिक बना लिया है ताकि कोई बाहरी अधिकारी आए तो उन्हें क्लिनिक ही ना दिखे और क्लिनिक दिखे तो शासकीय नियमानुसार घर पर सील न कर सके। साल में एक न एक ऐसा मामला सामने आता ही है। जहां झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा गलत इलाज करने की कीमत ग्रामीण को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है।

पुलिस ने बाइक चोरी के 5 आरोपियों को 48 घंटे के अंदर किया गया गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। दिनांक 01.05.24 को प्रार्थी राधेश्याम ध्रुव अपने मोटर सायकल डीलक्स क्रमांक सीजी 05 एजे 9415 से जनपद पंचायत मगरलोड आया था, रात्रि करीबन 09:00 बजे अपने घर ग्राम पालवाड़ी जाने के लिये निकला था कि रास्ते में अचानक चक्कर आने से रोड किनारे अपने मोटर सायकल खड़ा कर सो गया सुबह 05:00 बजे उठकर देखा तो उसका मोटर सायकल,पंचायत का दस्तावेज एंव पेंट के जेब में रखा मोबाईल जुमला कीमती 27000/- रूपये नही था, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था, प्रार्थी के रिपोर्ट पर दिनांक 10.05.24 को अपराध क्रमांक 158/24 धारा 379 भादवि.कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मोटर सायकल एवं आरोपी के पतासाजी के लिए मुखबिर एवं सूचना संकलन एवं तकनीकी साक्ष्य, एवं आस पास के लोगों से पूछताछ के आधार पर संदेहियों तक पुलिस टीम पहुंचकर,संदेही देवीचंद जैन, घनश्याम ध्रुव, चुम्मन साहू,सादिक अली, एंव दिनेश ध्रुव से कड़ाई से पूछताछ किया जिसमें उन्होंने अपने मेमोरेण्डम कथन पर उक्त आरोपीगण द्वारा मोटर सायकल मोबाईल, एंव पंचायत दस्तावेजो को चोरी कर छिपाकर रखना बताने से आरोपी देवीचंद जैन से मोटर सायकल,आरोपी घनश्याम ध्रुव से पंचायत दस्तावेज,आरोपी चुम्मन से मोटर सायकल का नंबर प्लेट, एंव आरोपी सादिक अली से मोटर सायकल का डिक्की व बिना लिखा नंबर प्लेट बरामद कर जब्त किया गया।

सात फेरे से पहले दूल्हे को उठा ले गई प्रेमिका

शादी के बाद आशीर्वाद समारोह में पहुंची युवती का हंगामा

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले में शादी समारोह के दौरान एक युवती ने जमकर बवाल मचाया है।? शादी के मंडप में दुल्हन के साथ जैसे ही दूल्हा साथ फेरे लेने वाला था, इस दौरान अचानक मंडप के पास पहुंची प्रेमिका के हाई वोल्टेज ड्रामे को देखकर सब हैरान हो गए। प्रेमिका शादी समारोह में पहुंच कर पहले तो धमकी देने लगी, उसके बाद दूल्हे को उठाकर अपने साथ ले गई। घटना को देखकर सभी हैरान रह गए। वहीं इस घटना से जमकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद देर रात तक चल रिश्तेदारों का सामाजिक बैठक में यह फैसला लिया गया की शादी को रद्द किया जाता है।

बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला कांकेर जिला मुख्यालय से करीबन 7 किलोमीटर दूर ग्राम कोकपुर का है। मगरलोड़ तहसील में में पुलिस आरक्षक की बारात पहुंची हुई थी। शाम होने पर बाराती का स्वागत करने के बाद घराती और बाराती एक साथ स्टेज में पहुंचे जहां शादी की वैधानिक विधि के अनुरूप टिकावन का कार्यक्रम किया जा रहा था। जैसे ही टिकावन की रस्म पूरी हुई दूल्हा दुल्हन को मंडप में बिठाया गया और परंपरा के अनुसार रस्मों को पूरा करते हुए दूल्हा दुल्हन सात फेरे लेने की तैयारी कर रहे थे। जैसे ही इस सात फेरे की रस्म शुरू होने वाली थी उस वक्त अचानक दूल्हे की प्रेमिका शादी के मंडप पर पहुंची और दूल्हे को अपने साथ ले जाने लगी।

प्रेमिका के द्वारा शादी के मंडप पर दूल्हे को साथ ले जाने को लेकर जमकर विवाद शुरू हो गया। इस पूरे घटनाक्रम को देखकर सभी भौचक्के रह गए और एकाएक शादी समारोह में विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि दूल्हे की प्रेमिका ने लड़के पर धोखे से शादी करने का आरोप लगाते हुए खुद के साथ अफेयर की जानकारी दी है। इसके बाद शादी समारोह स्थल पर बैठे घराती और बारातियों ने इसका विरोध किया। लेकिन युवती नहीं मानी और दूल्हे को अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ी रही। जब युवती से दूल्हे को उठाकर ले जाने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि 3 साल से उसका प्रेम संबंध चल रहा है। शादी की बात को उसके प्रेमी ने छुपा कर रख यह शादी कर रहा था।

इस हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच प्रेमिका ने कहा कि जैसे ही उसे इस बात की जानकारी पता चली वह हकीकत जानने शादी समारोह में पहुंच गई। सच्चाई सामने आने के बाद प्रेमिका ने पुलिस आरक्षक की शादी नहीं होने देने की जिद पर अड़ी रही। इस बात को लेकर काफी विवाद हुआ और अंत में कड़ी नाराजगी के बाद शादी समारोह को स्थगित करना पड़ा। वही इस पूरे मामले को लेकर गांव में बैठक हुई। जिसमें समाज के लोगों ने युवती से पूरी जानकारी ली, जब सच्चाई सामने आई तब यह पता चला कि इसमें पूरी गलती दूल्हे की है। इसके बाद रिश्तेदारों व समाज के लोगों ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शादी को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही दुल्हन पक्ष की तरफ से शादी में हुए खर्च का पूरा भुगतान दूल्हा पक्ष को देने का फैसला लिया है।

कुसमुंडा कोयला खदान में डीजल चोरी, कड़ी सुरक्षा के बाद भी क्यों असुरक्षित है खदान

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में संचालित एसईसीएल की खदानों में डीजल चोरी की घटनाएं फिर बढ़ रही है। खदान में डीजल चोरी करने चोर एक बार फिर सक्रिय होने लगे हैं, पर उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो पा रहे। कुसमुंडा खदान में डीजल चोरी कर बाहर निकल रहे टैंकर को विभागीय सुरक्षा कर्मियो ने धर दबोचा। हालांकि वाहन चालक व चोर भागने में सफल हो गए। बाद में टैंकर को पुलिस को सौंप दिया।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की खदानों में डीजल व कोयला चोरी की घटनाओं में लंबे अरसे से रोक लगा हुआ है। बीच- बीच में चोरी करने का प्रयास किया जाता है, पर चोरों को सफलता नहीं मिल पा रही है। कुसमुंडा मेगा परियोजना में शनिवार की देर रात डीजल चोरी करने चोर पिकअप टैंकर क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 7415 लेकर

खदान में घुसे। भारी मशीनों से डीजल निकाल कर टैंकर में भर लिया और बाहर निकलने लगे, पर एक नंबर बेरियर के पास रास्ता भटक गए। इस बीच टैंकर पर विभागीय सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ गई और पीछा कर टैंकर को रोकने का प्रयास किया। कुछ दूरी पर जाकर टैंकर में सवार चालक व एक अन्य युवक वाहन छोड़ कर भाग गए। सुरक्षा कर्मियों ने टैंकर को जब्त किया। टैंकर में सैकड़ो लीटर डीजल भरा पाया गया है। कहीं न कहीं डीजल चोर आदर्श चुनाव आचार संहिता के बीच अपने मंसूबों को कामयाब करने में लगे हैं। लेकिन इस मामले में सबसे बड़ा सवाल ये है, कि कड़ी सुरक्षा के बीच डीजल टैंकर खदान के भीतर घुसा कैसे। इस मामले में कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों का हाथ हो सकता है। डीजल चोरी को रोकने एसपी ने काफी कड़ाई कर दी है, बावजूद इसके डीजल चोरी कई सवालों को जन्म दे रही है।

सर्प डसने से युवक की अस्पताल में हुई मौत

कोरबा/नवप्रदेश। खाना खाने के बाद दोस्तों के साथ गली में बैठकर बातचीत कर रहे एक युवक को सांप ने डस लिया. उसे इसकी भनक नहीं लगी। थोड़ी देर बाद जब युवक की हालत खराब होने लगी। उसे आनन-फानन में पोड़ी उपरोड़ा के अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम लोड़ीबहरा में रहने वाला संतोष कुमार रात भोजन करने के बाद दोस्तों के साथ गांव की गली में बैठकर बातचीत कर रहा था। इस बीच उसे किसी जीव ने पीछे से काट लिया। संतोष को लगा कि उसे किसी जीव ने काट लिया है और उसने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। थोड़ी देर बाद संतोष की हालत खराब होने लगी।

शराबियों की सुविधा व सुरक्षा महत्वपूर्ण, अहातों पर रखा जाए ख्याल

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की साय सरकार को शराब अहाता के जरिए साढ़े 103 करोड़ राजस्व मिला है। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने राज्य के विभिन्न जिलों में 537 अहातों के लिए ऑनलाइन टेंडर मगाये गए। अहातों की नीलामी से सरकार को 103 करोड़, 54 लाख, 17 हजार 300 रुपए राजस्व मिला । आमजन चाहते हैं कि शराब के अहाते लूट का अड्डा न बने। शराब पीने वालों को भी इतना सुविधा मिले कि वे ढंग से पी सके।

अपराध पर भी लगाम लगे और शराब दुकानों के इर्दगिर्द का माहौल भी ठीक रहे। शराब दुकान आम बसावट से दूर रहे। लोगो को कोई परेशानी न हो।

अभी शराब दुकानों के आसपास स्थित छोटे बड़े दुकानों में चखना, डिस्पोजेबल, गिलास और पानी पाउच कहीं भी मिल जाता है, अहाता नीति लागू होने का बाद उन्हें बंद कराया जाएगा।

देश भर में छत्तीसगढ़ राज्य सबसे ज्यादा शराब पीता है। यहां 42त्न शराब की खपत है। दूसरा स्थान त्रिपुरा का है।छत्तीसगढ़ में जब इतनी अधिक मात्रा में जनता शराब पी रही है, तो उनके सुविधाओ का भी सरकार को ख्याल रखना लाज़िम है। प्रदेश भर में जहां जहां शराब दुकान है, अधिकृत अहाता नही होने के उसके आसपास सैकड़ों अहाता खुल गए। लोग जहां असुरक्षित ढंग से शराब पीते हैं। जानकारों के मुताबिक अहाता जो खोले जा रहे है, उसमे भी सरकार की मंशा शराबियों को सुविधा देना नही, बल्कि मुनाफा कमाना है। इन अहातो में मनमाने किमतो पर समान बेचे जाते हैं। इन अहातों का संचालन करने वाले लोग रंगदार किस्म के लोग होते है, जो कानून को ज्यादा नहीं मानते, और विरोध करने पर हिंसा करते हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मेरा वारिस देश की जनता...

देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और जब अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है तो उतने ही रोजगार के मौके पैदा होते हैं।

10 साल में बिहार में बिछाई1400 नई रेल लाइनें : पीएम मोदी ने कहा पिछले दस साल में बिहार में 1400 नई रेललाइनें बिछाई गई। 400 से अधिक रेलवे फ्लाइओवर और बाइपास बनाए गए। उन्होंने पूछा कि बिना रोजगार के ये काम हुआ होगा क्या। छूमंतर करके जैसे ये लोग रुपये ले जाते हैं वैसे पुलिया बन जाती है क्या। किसी को तो रोजगार मिला होगा न तब जाकर ये विकास के काम हुए होंगे।

विकास काम से ऐसे मिला लोगों को रोजगार : मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने तय किया है कि बिहार के 90 से अधिक रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जाएगा। क्या यह बिना रोजगार पैदा किए हो पाएगा। पिछले 10 साल में मोदी ने देश के चार करोड पक्के घर बनाकर गरीबों को दिए हैं। अकेले बिहार में 40 लाख पक्के घर बनाए गए हैं। इन घरों के लिए इस्तेमाल किए गए सीमेंट, सरिया, ईट और भी तो मुहल्ले की दुकान से ही आया होगा। इन सबका का लाभ बिहार के नौजवानों को ही तो हुआ है। उन्हें व्यापार रोजगार कारोबार के नए अवसर मिले हैं।

परिवारवाद और वंशवाद...

आपके बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की गारंटी देकर जाना है। मुझे आपके हाथों में विकसित भारत सौंपकर जाना है इसलिए मैं हर कोशिश कर रहा हूं कि युवओं के हर सपने पूरे हों और वह अपने हर काम कर सकें।

आसमान छूती महंगाई में ...

मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आई है। कांग्रेस की 'महालक्ष्मी' योजना में हम गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए देंगे।

कर्नाटक और तेलंगाना में हमारी गारंटियों ने करोड़ों की जिंदगी बनी: श्रीमती गांधी ने कहा कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। चाहे मनरेगा हो, सूचना का अधिकार हो, शिक्षा का अधिकार हो या भोजन सुरक्षा हमारी योजनाओं से कांग्रेस पार्टी ने लाखों भारतीयों को ताकत दी है। महालक्ष्मी हमारे इस काम को आगे बढ़ाने की सबसे नई गारंटी है।÷ उन्होंने कहा इस कठिन समय में मैं आपको भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कांग्रेस का हाथ आपके साथ है और यही हाथ आपके हालात बदलेगा।÷

मोदी नहीं बना पाएंगे चार ...

कांग्रेस जिस तरह से अर्थव्यवस्था सुधार करेगी उससे मेड इन इंडिया समान मेड इन चाइना का मुकाबला करेगा।

आज रायबरेली संसदीय क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार राहुल गांधी के साथ प्रियंका गांधी ने रायबरेली के कई इलाकों में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उनके साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के कई दिग्गज शामिल थे।

सीबीएसई 12वीं-10वीं में लड़किया

, आदित्य पाठक, विदूषी रेवतिया, भूमि अग्रवाल और मनास तिवारी को 97त्न अंक मिलें। इसी तरह सागर पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं में बलराज सिंह ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। गौरांस तुलसयान ने 99त्न, साव्या अवस्थी ने 98.8त्न, इशान वर्मा 98.6त्न, एईशानया इडला ने 97.8त्न, अरवा कुरैशी ने 97.6त्न, अनिरुद्ध सिंह ठाकुर ने 97.4त्न, सान्वी कर्माबेलकर ने 97.2त्न, आर्य विवेक कोहद ने 97.2त्न, वर्तिका शर्मा ने 97.2त्न, धुव्र मितना ने 97.2त्न और भाव्या व्यास ने 97.2त्न अंक हासिल किए।

एमपी में चौथे चरण की 8 लोकसभा

बुजुर्गों, दिव्यांगों, फर्स्ट टाइम वोटर्स ने दिखाया उत्साह

मतदान को लेकर युवा खासकर फर्स्ट टाइम वोटर और महिलाओं ने भी उत्साह दिखाया। बुजुर्गों और दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इतना ही नहीं शादी-ब्याह की रस्मों के बीच दूल्हा-दुल्हन और शादी वाले घरों के लोगों ने भी सब काम छोड़कर पहले अपने वोट डाले।

एक नजर वोटिंग के दौरान की प्रमुख घटनाओं पर

उज्जैन में एक पार्टी को वोट देने की कहने पर पीठासीन अधिकारी को हटाया। देवास में फर्जी वोटिंग कराने का आरोप, पीठासीन अधिकारी को हटाया गया। नीमच और आगर में कुछ जगह वोटर्स ने मतदान का बहिष्कार कर दिया है। इंदौर में एक बूथ पर नोटा पर वोट डालते हुए एक वीडियो सामने आया है। इंदौर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुछ पोलिंग बूथों पर नोटा का टेबल लगाया है। इंदौर में वोट डालने वाले लोगों को 56 दुकान पर फ्री में नाश्ता कराया गया।

शाजापुर और धार में आंधी-बारिश से कुछ मतदान केंद्र पर लगे टेंट गिर पड़े।

इंदौर में वोटिंग के बीच शाम को अचानक बारिश होने लगी। ओले भी गिरे।

असल जिंदगी के हीरो : दृष्टिबाधित बच्चों के हौसले को सलाम

सीख... बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम कचांदूर के दो दिव्यांग छात्रों की कहानी है प्रेरणादायक, सामान्य बच्चों के बीच रहकर स्कूल में करते रहे पढ़ाई

- शारीरिक कमजोरी को बनाई सीढ़ी... हिम्मत और हौसले से दिव्यांगों ने पाया 12वीं में 77 और 82 फीसदी अंक
- नेत्रहीन छात्रों ने मोबाइल ऐप के माध्यम से सुनकर किए सिलेबस पूरा, शिक्षक और सहपाठियों का मिला साथ

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। हाल ही में रिलीज हुई अभिनेता राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत दृष्टिबाधित दिव्यांगों के जीवन पर आधारित है। कैसे एक दृष्टि बाधित छात्र नॉर्मल बच्चों के बीच पढ़ाई करता है और आगे चलकर अपनी खुद की कंपनी खड़ी करता है और वहीं अपने जैसे दिव्यांगों को काम देकर उनकी जिंदगी संवारता है। दुनिया के सामने बराबरी का दर्जा देता है।

इस फिल्म की कहानी असल जिंदगी पर आधारित है, जो लोगों को प्रेरणा दे रही है। ऐसी ही कुछ कहानी बालोद जिले में भी सामने आई है। जहां पर सामान्य स्कूल में पढ़ाई कर दो दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चों ने 12वीं में 77 और 82 फीसदी अंक हासिल करके लोगों को चौंकाया है।

इनकी परिस्थिति की खास बात यह है कि ये बच्चे अलग से ब्रेल लिपि में नहीं, बल्कि सामान्य बच्चों के साथ गुण्डरदेही ब्लॉक के कचांदूर के हायर सेकंडरी स्कूल में ही पढ़ा करते थे। उन्हें कचांदूर के आवासीय स्कूल में रहने की सुविधा मिली थी। जहां उन्हें दिव्यांग शिक्षक विशेष मार्गदर्शन देते थे। वहीं जिस स्कूल में पढ़ाई करते थे वहां के सहपाठी बच्चों और शिक्षकों का भी पूरा साथ और समर्थन मिलता रहा। फिर क्या था सभी के सहयोग से दोनों दिव्यांग बच्चों ने पूरी तरह लक्ष्य को पाने जी तोड़ मेहनत की और सामान्य बच्चों को पीछे छोड़ते हुए 12वीं की बोर्ड परीक्षा में खेमलाल यादव ने 77 और प्रियांशु सोनकर ने 82 फीसदी अंक हासिल कर एक आदर्श प्रस्तुत किया।

स्कूल से मिली जानकारी अनुसार दोनों कला संकाय के विद्यार्थी हैं। बता दें कि बच्चे मूलतः ग्राम सुखरी (अर्जुनी) के खेमलाल यादव हैं जिन्होंने 77 प्रतिशत और गुंडरदेही से वार्ड 8 निवासी प्रियांशु सोनकर ने 82 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल का नाम रौशन किया है। स्कूल के अनुसार अब तक कचांदूर स्कूल में पढ़ने वाले दिव्यांगों का प्रतिशत 70 से 74 तक रहा था, लेकिन इस बार दोनों बच्चों ने पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया रिकार्ड बनाया है।

चर्चा में बच्चों ने बताया शारीरिक कमजोरी के साथ अध्ययन सत्र के दौरान आने वाली चुनौतियों को वे किस तरह स्वीकार किया और विषयों का अध्ययन कर याद रखा। ये सब उनके लिए इतना आसान नहीं था। दोनों बच्चे नेत्रहीन हैं। सामान्य बच्चों के बीच बिना किसी ब्रेल लिपि की मदद लिए पढ़ाई को स्वीकारा। पर वे आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर लक्ष्य की ओर बढ़े।

.ऐसे ली तकनीक की मदद, दोस्त का मिला साथ

बता दें कि आज के नए यंत्र, तकनीकी सुविधा इंस्टा रीडर नाम के एक ऐप के जरिए अपनी कठिनाई दूर की। जो विशेष कर ब्लाइंड बच्चों के लिए बनाया गया है। उसका इस्तेमाल कर पुस्तक को ऑडियो बुक में कन्वर्ट करते थे। फिर कंप्यूटर या मोबाइल के जरिए सुनकर हॉस्टल या स्कूल में ही अपना सिलेबस पूरा कर पढ़ाई करते थे। क्लास में शिक्षक जब पढ़ाते थे तो उन्हें ध्यान से सुनते। मन और दिमाग की एकाग्रता बनाए रखते थे, ताकि पढ़ाई से भटकाव ना हो। दोनों बच्चों ने बताया कि उनका एक सहपाठी मोनिश साहू का उन्हें लगातार साथ मिला। वह छात्र खुद पढ़ता था और साथ ही दोनों को पढ़कर पुस्तकों को सुनाता था। इस तरह पढ़ाई में वह हमारी पूरी मदद करता था।

समावेशी शिक्षा से मिली बड़ी मदद, जिले का नाम रौशन

आवासीय प्रशिक्षण केंद्र कचांदूर के दोनों दिव्यांग बच्चों ने 12वीं की परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। छात्र खेमलाल पिता झुम्मन यादव ग्राम सुखरी और प्रियांशु सोनकर पिता शत्रुघन सोनकर गुण्डरदेही की उपलब्धि संस्था के लिए भी गौरव की बात है। दोनों दिव्यांग छात्रआवासीय प्रशिक्षण केंद्र कचांदूर में रहकर पढ़ाई करते थे। केंद्र में इनकी शिक्षा को आसान बनाने के लिए नवीन टेक्नोलॉजी का उपयोग कराया गया। पढ़ाई के लिए बच्चों को कंप्यूटर में टाइपिंग के माध्यम से अपने लिखने-पढ़ने का कार्य कराया जाता रहा।

एक किसान और दूसरा सब्जी बेचने वाले की संतान

सुखरी का रहने वाला खेमलाल यादव के पिता झुम्मन यादव खेती किसानी करते हैं। उनके बड़े भैया वेल्डिंग कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने अपनी कमजोरी को मात देकर पढ़ाई में मन लगाए रखा, जिसके कारण चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने आज 12वीं कला संकाय में 77 प्रतिशत अंक लाया है। दूसरा छात्र प्रियांशु सोनकर सब्जी बेचने वाले सोनकर परिवार का बेटा है। उनके माता-पिता दोनों बाड़ी में काम करते हैं उसके बाद बाजार बेचने जाते हैं।

एक बचपन से दृष्टि बाधित.. तो दूसरे की दसवीं के बाद गई आंख की रोशनी

खेमलाल यादव जहां बचपन से दृष्टि बाधित हैं यानी उन्हें कुछ भी दिखाई नहीं देता है, तो वहीं प्रियांशु की कहानी अलग है। उसे दसवीं तक तो सब दिख रहा था। पहले वह गुण्डरदेही के स्कूल में ही अन्य बच्चों के बीच पढ़ाई करता था, लेकिन अचानक 11वीं कक्षा में उसकी रेटिना की रोशनी कम होने लगी। कई जगह इलाज कराया, पर सफलता नहीं मिली। अंत में उनकी आंखों की रोशनी चली गई। वह पढ़ाई छोड़ दी। वह निराशा भरी जिंदगी जीने लगा, इसी बीच उन्हें कचांदुर के दिव्यांग स्कूल की जानकारी मिली तो प्रियांशु वहां एडमिशन ले लिया। बताया कि पहले वह विज्ञान की पढ़ाई कर रहा था। नेत्रबाधित होने के बाद कला संकाय से पढ़ाई शुरू की। बुलंद हौसले से चुनौतियां स्वीकारी। उन्होंने भूगोल में 96, तो इतिहास में 90 अंक हासिल किया है। दोनों बच्चे कहते हैं कि आगे भी इसी तरह से मेहनत कर कॉलेज पूरा करेंगे। सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे।

कम्प्यूटर शिक्षक ने दिए बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन

उनके बेहतर शिक्षा के लिए संस्था के कम्प्यूटर शिक्षक अरविन्द शर्मा ने उनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए एक अनुकूल वातावरण का निर्माण किया। उनके सतत प्रयास और निगरानी में छात्र बेहतर प्रदर्शन कर पाए। इसके पूर्व में भी आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन इस वर्ष का यह प्रतिशत अनुमान से अधिक रहा।

समाज कल्याण करेगा सम्मान

मामले पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इन दोनों छात्रों का विभाग द्वारा सम्मान किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदूर की प्राचार्या प्रीति मुले ने दिव्यांग छात्रों की उपलब्धि की सराहना की है। इस बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्था के कम्प्यूटर शिक्षक अरविन्द शर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डिहार सिंह देशमुख, दरवेश आनन्द, संस्था के पूर्व प्रभारी शिक्षक विक्रम साहू, परमेश्वर साहू, पूर्व सरपंच संतोष चंद्राकर एवं संस्था की वॉर्डन बिंदू साहू सहित अन्य लोगों ने भी इन छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

न्यूज गैलरी

महादेव एप मामला : कारोबारी संदीप बग्गा ने कीटनाशक पीकर दी जान

रायपुर/नवप्रदेश। देश में इन दिनों सट्टा का जादू चढ़कर बोलने लगा है। और सरकारें इन कारोबारों को सह देते भी दिख रही है। हालांकि पुलिस खानापूर्ती के लिए कार्यवाही भी कर रही है। अब महादेव एप मामले में एक कारोबारी ने खुदकुशी कर ली है। कारोबारी संदीप बग्गा ने कीटनाशक पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है।आपको बता दें कि कारोबारी संदीप बग्गा खुदकुशी करने से पहले सुसाइड नोट भी लिख छोड़ा है। जिसमें कारोबारी ने महादेव सट्टा के पैनल ऑपरेटर नीतीश मित्तल से लेनदेन का जिक्र किया है। मामले को लेकर सिविल लाइन थाना में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध दर्ज कर लिया गया है।

तस्करी के गांजे के साथ आरोपी अभय पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में दिनांक 11.05.2024 को थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम द्वारा थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत स्कूल के पास गांजा बिक्री हेतु ग्राहक तलाशते एक्टिवा वाहन सवार आरोपी अभय मिरचे पिता कन्हैया लाल मिरचे उम्र 23 साल निवासी जय जवान चौक गली नं. 02 थाना तेलीबांधा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्र सीजी/04/एन जे/6828 जुमला कीमती लगभग 65,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

वैश्विक परिदृश्य में आदिवासी महिलाओं की स्थिति पर होगा मंथन

- छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन का पहला वार्षिक सम्मेलन, तैयारियां शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ समाज शास्त्रीय एसोसिएशन द्वारा अपने पहले वार्षिक सम्मेलन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रथम वार्षिक सम्मेलन वैश्विक परिदृश्य में आदिवासी महिलाओं की स्थिति विषय पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें मेजबान छत्तीसगढ़ सहित देशभर के विद्वान, शोधार्थी, प्राध्यापकगण शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन (सीजीएसए) की अध्यक्ष प्रो. प्रीति शर्मा और सचिव प्रो. एल.एस. गजपाल ने दी। उन्होंने बताया कि आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण पूरी दुनिया के देशों के विकास की प्रक्रिया में केंद्रीय मुद्दा है। आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से 28 और 29 जून 2024 को सीजीएसए अपना पहला वार्षिक सम्मेलन उक्त विषय पर आयोजित कर रहा है। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य की जनजातियाँ, वैश्विक समाज में महिलाओं की बदलती स्थिति, आदिवासी महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आदिवासी महिलाओं पर वैश्वीकरण का प्रभाव, आदिवासी महिलाओं के मुददे और चुनौतियाँ, बहुसांस्कृतिकवाद और आदिवासी महिलाएँ, आदिवासी महिलाओं के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम जैसे विषयों पर भी शोध पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे तथा विषय विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन की सफलता के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया है जिसके संरक्षक प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल (कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय), संयोजक प्रो. प्रीति शर्मा (अध्यक्ष सीजीएसए), सह संयोजक प्रो. सुचित्रा शर्मा (उपाध्यक्ष सीजीएसए), आयोजन सचिव प्रो. एल.एस. गजपाल (सचिव सीजीएसए), सह आयोजन सचिव प्रो. सोनिता सत्संगी (कोषाध्यक्ष सीजीएसए), संयुक्त सचिव हर्ष पाण्डे, सुशील गुप्ता आदि शामिल है।

मेधावी छात्रों ने की कलेक्टर से मुलाकात

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे विगत दिनों घोषित की गई थी। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से दसवीं एवं बारहवीं में प्रावीण्य अंक प्राप्त करने वाले आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुण्ठपुर के कक्षा दसवीं के छात्र सिद्धांत सिंह, शकुंतला सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के कक्षा बारहवीं के छात्र आशुतोष तथा शासकीय रामानुज आदर्ष हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के छात्र तेजप्रताप राजवाड़े ने उच्चतर अंक प्राप्त कर स्कूल व जिले को गौरवान्वित करने वाले इन मेधावी छात्रों ने मुलाकात किया। छात्र सिद्धांत ने बताया कि वे गणित विषय लेकर आगे पढ़ाई करेंगे और उनका लक्ष्य आईआईटी करना है। इसी तरह आशुतोष ने बताया कि उन्हें मेडिकल क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। और तेजप्रताप राजवाड़े एनडीए में कैरियर बनाने के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने इन छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सपने को साकार करने के लिए जुनून व कठिन परिश्रम की जरूरत है। इसलिए अभी से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तन मन से पढ़ाई में जुट जाएं। इन मेधावी छात्रों को शील्ड व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया।

शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

देवांशी नाहटा

रशमीता साहू

पल्लवी सोनकर

रायपुर/नवप्रदेश। काठाडीह स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अंचल को गौरान्वित करने का कार्य किया।

CBSE दिल्ली द्वारा घोषित कक्षा 12 वी के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की देवांशी नाहटा ने 92% अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। संदेश प्रजापति 85.20% , शुभम दुबे 82% व धारना चंदानी 80% अंको के साथ क्रमश दूसरे तीसरे व चौथे स्थान पर रहे। कक्षा 10 वी में रशमीता साहू 92.60% के साथ प्रथम पल्लवी सोनकर 92.40% के साथ द्वितीय व सृष्टि सिंह 85% अंको के साथ तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दीपाली त्रिपाठी जी ने सभी बच्चो को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर के निर्देश पर आयाम- ऊंची उड़ान का आयोजन अब जून के तृतीय सप्ताह में

- कार्यशाला में देश के ख्यातिलब्ध संस्थाओं के प्रमुख भी देंगे गाइडेंस

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी जून माह में आयोजित हो रहे यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को देखते हुए 18 मई को प्रस्तावित मार्गदर्शी कार्यक्रम आयाम- ऊंची उड़ान का÷ के आयोजन की तिथि आगे बढ़ा दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित हो रहे युवाओं व उनके पालकों ने आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रारंभिक परीक्षा उपरांत ही कार्यशाला आयोजित करने का अनुरोध किया था। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा है कि अब यह कार्यशाला यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के बाद जून के तृतीय सप्ताह में संभावित है। कलेक्टर के निर्देश पर इस कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करने की योजना तैयार की जा रही है। कार्यशाला में सम्मिलित होने के इच्छुक प्रतिभागियों व पालकों से कहा गया है कि कार्यशाला में प्रवेश हेतु निःशुल्क पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, अतः https://forms.gle/V6cba2iHgkCSruRo8 लिंक पर जाकर पंजीयन अवश्य करा लें।

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में 2011 से 2024 बैच के आईएएस, आईपीएस, आईएफएस व अन्य संवर्ग के अधिकारियों से संवाद का अवसर मिलेगा। कलेक्टर डॉ. सिंह से मुलाकात में युवाओं ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रमुखों, उनके विषय विशेषज्ञों, मार्गदर्शकों को भी इस कार्यशाला में आमंत्रित कर उनके भी व्याख्यान का अनुरोध किया, जिससे कि रायपुर में ऐसे विषय विशेषज्ञों को सुनने व विद्यार्थियों को अपनी तैयारियों को दिशा देने का अवसर मिल सकें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को यह भी आश्वस्त किया है कि कार्यशाला में उनके सुझाएं विषय विशेषज्ञों को भी उनकी उपलब्धता के आधार पर आमंत्रित कर उनके सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यशाला में ÷मेधा सम्मान÷ का भी आयोजन होगा, जिसमें हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

संयुक्त टीम ने रोका बाल विवाह

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन को जिले के क्षेत्रों में बाल विवाह राकने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया है, इस दिवस को बड़ी संख्या में विवाह सम्पन्न होते हैं। अतएव अन्य दिवसों के साथ-साथ विशेष रूप से अक्षय तृतीया को निगरानी रखने की आवश्यकता है की जिले में कही भी बाल विवाह न हो इसके लिए जिला प्रशासन सतर्क भी है।

इसी कड़ी में सूचना प्राप्त हुई की थाना सनावल के अंतर्गत ग्राम पिपरपान में 03 बालक एवं 02 बालिका का बाल विवाह हो रहा है। सूचना प्राप्त होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पिपरपान पहुंचकर बालक/ बालिका के माता-पिता एवं सगे संबंधियों को समझाईश देकर बाल विवाह होने से रोका गया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है तो उसे दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपये तक हो सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि लड़के का उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करें। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होती है तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी मोबाइल नम्बर 9826278915 या टोल फ्री नम्बर 1098 पर कॉल करके एवं अपने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, शिक्षक, कोटवार, तहसीलदार, थाना प्रभारी, पर्यवेक्षक एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता को अविलंब सूचित करें। आपकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

हॉन्गकॉन्ग में कार्रवाई से पहले अमेरिका में भी रिजेक्ट किए गए थे MDH के उत्पाद रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। लोकप्रिय भारतीय मसाला ब्रांड एमडीएच, जिसके कुछ उत्पादों में गड़बड़ियों की जांच जारी है, पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है। 2021 से बैक्टीरिया की मौजूदगी के कारण इसके अमेरिकी शिपमेंट का औसतन 14.5 प्रतिशत रिजेक्ट कर किया गया है। अमेरिकी नियामक के आंकड़ों के एक विश्लेषण में यह बात सामने आई है। यह विश्लेषण रॉयटर्स ने किया है।

हॉन्गकॉन्ग ने पिछले महीने एमडीएच द्वारा बनाए गए तीन मसालों और एक अन्य भारतीय कंपनी, एवरेस्ट द्वारा बनाए गए एक मसाले की बिक्री को रोक दिया था। जिसमें स्पष्ट रूप से कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक का एथिलीन ऑक्साइड उच्च स्तर पाया गया था। एथिलीन ऑक्साइड मानव उपभोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने पर यह कैंसर का खतरा पैदा करता है। कंपनियों ने कहा है कि उनके उत्पाद सुरक्षित हैं और एमडीएच ने कहा है कि यह मसालों के भंडारण, प्रसंस्करण या पैकिंग के किसी भी चरण में एथिलीन ऑक्साइड का उपयोग

नहीं करता है। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत के अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। दोनों ब्रांड भारत में लोकप्रिय हैं और दुनियाभर में निर्यात किए जाते हैं। भारत ने 2022-23 के दौरान 4 बिलियन डॉलर के मसालों का किया निर्यात एथिलीन ऑक्साइड मानव उपभोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक जोखिम के साथ कैंसर का खतरा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक है और मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। सिय्योन मार्केट रिसर्च का अनुमान है कि 2022 में भारत का घरेलू बाजार 10.44 बिलियन डॉलर का था, और मसाला बोर्ड ने कहा कि भारत ने 2022-23 के दौरान बिलियन डॉलर केउत्पादों का निर्यात किया। हालिया जांच से पहले, 100 साल से अधिक पुरानी परिवार द्वारा संचालित भारतीय कंपनी एमडीएच के उत्पादों को साल्मोनेला की उपस्थिति के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका में बिक्री के लिए खारिज कर दिया गया था। यह एक बैक्टीरिया है जो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी का कारण बन सकता है। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) से रॉयटर्स द्वारा संकलित नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 के बीच साल्मोनेला के लिए जांच में विफल रहने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में एमडीएच के 65 शिपमेंट में से लगभग 20त्न, या 13 को खारिज कर दिया गया था। वर्ष 2022-23 में एमडीएच के 119 शिपमेंट में से लगभग 15त्न को रिजेक्ट किया गया आंकड़ों से पता चला है कि वित्त वर्ष 2022-23 में, 119 एमडीएच शिपमेंट में से लगभग 15 प्रतिशत को ज्यादातर साल्मोनेला की मौजूगी के कारण खारिज कर दिया गया था, जबकि 2021-22 के दौरान खारिज किए गए शिपमेंट का प्रतिशत 8.19त्न था। संयुक्त राज्य अमेरिका में एवरेस्ट को कम अस्वीकृति मिली है, 2023-24 में अब तक इसके 24 शिपमेंट में से केवल एक को साल्मोनेला की मौजूदगी के कारण खारिज किया गया है।

भारत-चीन के बीच 118.4 अरब डॉलर का व्यापार द्विपक्षीय कारोबार में चीन ने अमेरिका को पछाड़ा

नई दिल्ली। भारत के साथ वित्त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार के मामले में चीन ने अमेरिका की पीछे छोड़ दिया है। इस अवधि में भारत और चीन के बीच कुल 118.4 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। वहीं, अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार 118.3 अरब डॉलर रहा। 2021-22 और 2022-23 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार अमेरिका रहा था। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के आंकड़ों के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 8.7 फीसदी बढ़कर 16.67 अरब डॉलर पहुंच गया। लौह अयस्क, सूती धागा/कपड़े/मेडअप, हथकरघा, मसाले, फल-सब्जियां, प्लास्टिक और लिनोलियम जैसे क्षेत्रों में भारत का निर्यात बढ़ा है। वहीं, पड़ोसी देश से भारत का आयात 3.24 फीसदी बढ़कर 101.7 अरब डॉलर पहुंच गया। दूसरी ओर, अमेरिका को 2023-24 के दौरान भारत से निर्यात

1.32 फीसदी घटकर 77.5 अरब डॉलर रह गया। अमेरिका से भारत का आयात करीब 20 फीसदी घटकर 40.8 अरब डॉलर रह गया। चीन 2013-14 से 2017-18 तक व 2020-21 में भी भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार था। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) देश का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था।

चीन से 85.09 अरब डॉलर का व्यापार घाटा

जीटीआरआई ने कहा, 2018-19 से 2023-24 के दौरान शीर्ष-15 भागीदारों के साथ भारत के व्यापार में काफी बदलाव आया है। इससे न सिर्फ आयात और निर्यात प्रभावित हुआ है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार अधिशेष एवं घाटे की स्थिति भी बदली है। इस अवधि में चीन को निर्यात में 0.6 फीसदी की मामूली गिरावट रही, जबकि आयात 44.7 फीसदी बढ़कर 101.75 अरब डॉलर पहुंच गया।

आयात में वृद्धि से व्यापार घाटा 2018-19 के 53.57 अरब डॉलर से बढ़कर 85.09 अरब डॉलर पहुंच गया। इसके विपरीत, इस अवधि में अमेरिका के साथ व्यापार में वृद्धि देखी गई। अमेरिका को निर्यात 52.41 अरब डॉलर से 47.9 फीसदी बढ़कर 77.52 अरब डॉलर पहुंच गया। अमेरिका से आयात भी 14.7 फीसदी बढ़कर 40.78 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 16.86 अरब डॉलर से बढ़कर 36.74 अरब डॉलर पहुंच गया।

एयरटेल और गूगल क्लाउड ने भारतीय कारोबारियों को क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने हेतु दीर्घकालिक सहयोग करार किया

- **दोनों कंपनियां एयरटेल की लीडिंग कनेक्टिविटी और डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों को गूगल क्लाउड की एआई टेक्नोलॉजी के साथ जोड़कर बाजार में संयुक्त रूप से काम करेंगी**
- **एयरटेल ने एक इंडस्ट्री लीडिंग आई ओ टी सॉल्यूशन विकसित किया है जो कनेक्टिविटी, गूगल क्लाउड ए आई सर्विसेज और एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर को जोड़ता है**
- **एयरटेल ने पुणे में 300 से ज्यादा एक्सपर्ट्स के साथ एक डेडीकेटेड मैनेज्ड सर्विसेज सेंटर स्थापित किया है, जिन्हें गूगल क्लाउड और डिजिटल सर्विसेज दोनों में चैंपियन बनाने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी**

गुरुग्राम। भारती एयरटेल (एयरटेल) और गूगल क्लाउड ने आज भारतीय कारोबारियों को क्लाउड सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए दीर्घकालिक सहयोग करार किया है। इस करार के तहत एयरटेल के ग्राहकों के लिए फास्ट-ट्रैक क्लाउड अपनाने और आधुनिकीकरण के लिए गूगल क्लाउड के अत्याधुनिक क्लाउड सॉल्यूशंस का एक सूट पेश किया जाएगा। इसके अलावा, एयरटेल अपने ग्राहकों को क्लाउड मैनेज्ड सेवाओं का एक सेट प्रदान कर सकेगा। एयरटेल के ग्राहकों में 2,000 से ज्यादा बड़े उद्यम और दस लाख उभरते व्यवसायी शामिल हैं। इस करार के तहत दोनों कंपनियां बड़े और विकासित होते भारतीय पब्लिक क्लाउड सर्विस बाजार को टारगेट कर रही हैं। आई डी सी के मुताबित 2027 तक इस बाजार का आकार 17.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दोनों कंपनियां इंडस्ट्री लीडिंग ए आई/यम एल सॉल्यूशंस डेवलप करने के लिए कनेक्टिविटी और ए आई टेक?नोलॉजी की अपनी विशेज्ञता का इस्तेमाल करेंगी। इसके लिए एयरटेल अपने बड़े डेटा सेट पर ट्रेनिंग देगा। ये खास सॉल्यूशन एयरटेल के ग्राहकों को ज्यादा वैल्यू प्रदान करेंगे। इनमें ट्रेंड-स्पॉटिंग, पूर्वानुमान क्षमताओं, मार्केट वैल्यूएशन, साइट सेलेक्शन, रिस्क मैनेजमेंट और एसेट ट्रैकिंग के लिए एडवांस लोकेशन इंटेलीजेंस क्षमता वाले जियोस्पेशियल एनालिटिक्स सॉल्यूशन शामिल होंगे। इसके अलावा इस करार के तहत विभिन्न भाषाओं में ग्राहकों से संवाद करने वाले अप्लीकेशंस के लिए वॉयस एनालिटिक्स सॉल्यूशन और उपभोक्ताओं के व्यवहार का अंदाजा लगाने, उपभोक्ता की उनकी रुचियों के मुताबिक पहचान करने और कम लागत पर सटीक प्रभाव वाले विज्ञापनों के साथ कॉन्टेंट क्रिएशन करने वाले मार्केटिंग टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस विकसित किए जाएंगे। इन ऑफर्स के अलावा, एयरटेल ने यूटिलिटी सेक्टर के लिए डिज़ाइन किया गया एक एंड-टू-एंड आई ओ टी सॉल्यूशन भी विकसित किया है। ये कनेक्टिविटी, गूगल क्लाउड सर्विसेज और एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ता है। ये बिना किसी बाधा और परेशानी के तेज़ तैनाती को आसान बनाता है। अपने क्लाउड-आधारित सॉल्यूशन कारोबार को मजबूती देने के लिए एयरटेल ने 300 से ज्यादा एक्सपर्ट के साथ पुणे में एक मैनेज्ड सर्विस सेंटर स्थापित किया है, जिन्हें गूगल क्लाउड सेवाओं का चैंपियन बनाने और विश्व स्तरीय टेक्निकल सॉल्यूशन विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

सरकारी बैंकों को 2023-24 में रिकॉर्ड 1.42 लाख करोड़ मुनाफा, एनपीए 1.70प्रतिशत से नीचे

नई दिल्ली। सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। इस अवधि में कुल 12 बैंकों का फायदा बढ़कर 1,42,129 करोड़ रुपये पहुंच गया। इन बैंकों ने 2022-23 में रिकॉर्ड 1.05 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। 2021-22 में यह आंकड़ा 66,540 करोड़ रुपये था।

इस दौरान सिर्फ तीन बैंकों यूको, इंडियन ओवरसीज और पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में गिरावट रही। बैंकों का मुनाफा सरकार की चार आर की रणनीति की वजह से बढ़ा है। इसमें एनपीए को पारदर्शी रूप से पहचानना, समाधान व वसूली, पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय तंत्र में सुधार करना शामिल है। इस रणनीति के तहत सरकार ने 2016-17 से 2020-21 के बीच कुल 3.11 लाख करोड़ रुपये की पूंजी बैंकों में डाली है। इससे बैंकों को मदद मिली है। दूसरी वजह है...लगातार वसूली और बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए में कमी करना है। इसका असर यह हुआ कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सभी बैंकों का शुद्ध एनपीए घटकर 1.70 फीसदी के स्तर से नीचे आ गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का एनपीए सबसे 0.20 फीसदी रहा, जबकि पंजाब एंड सिंध बैंक का एनपीए सर्वाधिक 1.63 फीसदी रहा।

अकेले एसबीआई की रही आधी हिस्सेदारी

कुल लाभ में करीब आधा हिस्सा एसबीआई का रहा। बैंक ने 2023-24 में 61,077 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है, जो 2022-23 की तुलना में 21 फीसदी अधिक है।

बैंक ऑफ बड़ौदा 18,676 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा। तीसरे स्थान पर केनरा बैंक का लाभ 37 फीसदी बढ़कर 14,554 करोड़ पहुंच गया।

पंजाब नेशनल बैंक ने 8,245 करोड़ का मुनाफा कमाया,

जबकि इंडियन बैंक का लाभ 52 फीसदी बढ़कर 8,062 करोड़ पहुंच गया।

बैंक ऑफ इंडिया को 6,318 रुपये करोड़ का मुनाफा हुआ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र का 56 फीसदी बढ़कर 4,005 करोड़ रुपये पहुंच गया। सबसे कम लाभ पंजाब एंड सिंध बैंक का रहा। लाभ 55त्न घटकर 595 करोड़ रुपये रह गया। मार्च तिमाही में 43,091 करोड़ रुपये का मुनाफा मार्च तिमाही में कुल 12 सरकारी बैंकों का मुनाफा 43,091 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। मार्च, 2023 में यह 34,483 करोड़ रुपये रहा था। सबसे अधिक फायदा एसबीआई का 20,698 करोड़ रहा। इसमें 24 फीसदी की तेजी रही।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 45 फीसदी, सेंट्रल बैंक का 41 फीसदी, इंडियन बैंक का 55 फीसदी और पीएनबी का फायदा तीन गुना बढ़ा।

बैंक ऑफ बड़ौदा को 5,132 करोड़ व केनरा बैंक को 3,757 करोड़ लाभ।

तेल कंपनियों का लाभ उच्चतम स्तर पर, कमाए 81,000 करोड़ रुपये।

खेल, मनोरंजन

सीधे फेड कप फाइनल में खेलेंगे नीरज और किशोर

भुवनेश्वर। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को भुवनेश्वर में 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है। नीरज और किशोर ने अपने करियर में कई बार 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग मार्क हासिल किया है, इसलिए इन दोनों खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश देने का फैसला किया गया है।

दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे नीरज

पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और वह 88.38 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज महज दो सेंटीमीटर से शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए थे। हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डायमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा था क्योंकि वह

76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए थे। विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी और वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे नीरज

नीरज चोपड़ा तीन साल में पहली बार भारत में किसी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने बताया कि 26 वर्षीय नीरज इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। नीरज ने 2022 और 2023 में किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह विदेश में प्रशिक्षण या प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। वह पिछली बार घरेलू टूर्नामेंट में मार्च 2021 में फेडरेशन कप में खेले थे। पता चला है कि नीरज दोहा से भारत पहुंच चुके हैं, लेकिन वह मंगलवार को भुवनेश्वर पहुंचेंगे। एएफआई चाहता था कि नीरज टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद और पेरिस खेलों से पहले एक घरेलू प्रतियोगिता में भाग लें। नौ एथलीटों को सीधे फाइनल्स में मिला प्रवेश भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने एएफआई के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा, वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं। वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे

मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर रिलीज, खूब जमी जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की जोड़ी

मुंबई। मई के महीने में आने वाली फिल्मों में मिस्टर एंड मिसेज माही भी शामिल है। लंबे समय से यह फिल्म चर्चा में बनी हुई है।इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म से कलाकारों की पहली झलक सामने आने के बाद इसकी रिलीज को लेकर उत्सकुता और बढ़ गई।फिल्म में जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की जोड़ी नजर आने वाली है और अब इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है।

राजकुमार के किरदार का नाम महेंद्र तो जाह्नवी, माही की भूमिका में हैं। स्पोर्ट्स बैकग्राउंड के साथ ट्रेलर में पारिवारिक ड्रामा भी देखने को मिल रहा है।राजकुमार के साथ जाह्नवी की केमिस्ट्री भी देखने में बढ़िया लग रही है।मिस्टर एंड मिसेज माही की कहानी महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित है। इससे पहले धोनी पर एम.एस धोनी- द अन्टोल्ड स्टोरी नाम की फिल्म बनी थी, जिसमें दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत नजर आए थे। मिस्टर एंड मिसेज माही का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है। करण जौहर फिल्म के निर्माता हैं। गुंजन सक्सेना के बाद यह शरण और जाह्नवी के बीच दूसरा सहयोग है, जबकि राजकुमार और शरण पहली बार साथ आए हैं।इस फिल्म की कहानी मिस्टर और मिसेज माही के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनके लिए जिंदगी क्रिकेट और क्रिकेट जिंदगी है। क्रिकेट से बढ़कर मिस्टर माही सिर्फ अपनी प्यारी बीवी से प्यार करते हैं।फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में आएगी। बता दें कि राजकुमार और जाह्नवी की यह साथ में दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों को निर्माता दिनेश विजान की फिल्म रूही में देखा गया था।हालांकि, यह हॉरर कॉमेडी फिल्म दर्शकों के बीच अपना जादू चलाने में नाकाम रही थी। जाह्नवी दूसरी बार राजकुमार के साथ काम कर बेहद खुश हैं। वह कई बार उनके प्रति अपनी दीवानगी जाहिर कर चुकी हैं।जाह्नवी शुरुआत से ही राजकुमार के काम की प्रशंसक रही हैं। देवरा जाह्नवी की पहली दक्षिण भारतीय फिल्म है। इसके अलावा वह फिल्म उलझ में नजर आएंगी। आरआरआर स्टार राम चरण की अगली फिल्म की हीरोइन भी जाह्नवी ही हैं।

करण जौहर की फिल्म सनी संस्कारी की

बजरंग का एक्सपायरी किट से सैंपल लेने पहुंचे डीसीओ को हटाया, नाडा ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग का एक्सपायरी किट के साथ सैंपल लेने पहुंचे डोप कंट्रोल ऑफिसर (डीसीओ) को हटा दिया गया है। नाडा ने डीसीओ के खिलाफ कार्रवाई मामले की प्रारंभिक जांच के बाद की है। वहीं ट्रायल में सैंपल नहीं दिए जाने के आरोप में अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किए गए बजरंग ने नाडा को नोटिस का जवाब दे दिया है। उन्होंने इस मामले की जल्द सुनवाई की मांग की है।अपने पास से पुरानी किट ले गया डीसीओ

जांच में पाया गया कि 13 दिसंबर, 2023 को डीसीओ बजरंग के आवास पर सैंपल की किट नाडा ऑफिस से ले जाने की बजाय अपने पास से पुरानी किट ले गया था। सैंपल देने का समय सुबह आठ बजे था। बजरंग ने यूरिन सैंपल दे दिया था, लेकिन ब्लड सैंपल देने वाली किट एक्सपायरी थी, जिसे बजरंग सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नाडा पर एक्सपायरी किट के साथ सैंपल लेने का आरोप लगाया था। इसके बाद 10 मार्च को सोनीपत में हुए ट्रायल के दौरान उन्होंने डोप सैंपल नहीं दिया। साथ ही एक्सपायरी किट का जवाब देने को कहा। नाडा ने उन्हें इसके बाद अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया।

जल्द होगी सुनवाई

बजरंग ने अस्थायी प्रतिबंध के नोटिस जवाब में कहा है कि वह इस मामले की जल्द से जल्द सुनवाई चाहते हैं। सूत्र बताते हैं कि उनकी सुनवाई अगले सप्ताह किसी भी दिन हो सकती है। अगर बजरंग सुनवाई के दौरान अपने को निर्दोष साबित नहीं कर पाए तो उन पर दो से चार वर्ष का प्रतिबंध लग सकता है।

कार्लसन ने जीता रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट, प्रगनानंदा को चौथा स्थान, 10वें पे गुकेश

वारसॉ। मैग्नस कार्लसन ने सुपरबेट रेपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। वहीं, भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहे। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। अंतिम दिन कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से आठ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

चीन के वेई यी अंतिम दिन 2.5 अंक की बढ़त के साथ उतरे थे, लेकिन अंतिम नौ बाजियों में पांच ही अंक जुटा सके और दूसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन ने अंतिम दिन सात बाजी जीती और दो ड्रॉ की। उन्होंने कुल 26 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वेई उनसे आधा अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। पोलैंड के डुडा यान क्रिस्टोफने 19.5 अंक के साथ तीसरा, जबकि प्रगनानंदा ने 19 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया। भारत के अर्जुन एरिगेसी 18 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने 17.5 अंक के साथ छठा, जबकि किरिल शेवचेनकोव ने 17 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

भारत के ही अनीष गिरी 14 अंक के आथ आठवें स्थान पर रहे। जर्मनी के विन्सेंट केमेर उनसे आधा अंक पीछे नौवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप के सबसे युवा चैलेंजर भारत के स्टार चेज खिलाड़ी डी गुकेश ने 12.5 अंक के साथ 10वां स्थान हासिल किया।

जूनियर एनटीआर ने पूरी की 'वॉर 2' के पहले शेड्यूल की शूटिंग्र

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। काफी वक्त से अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में मुंबई में थे। पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद वे मुंबई से हैदराबाद लौट गए हैं। आज उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान भी किया। जूनियर एनटीआर फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म से जुड़ी पूरी स्टारकास्ट और इसकी रिलीज डेट के एलान का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म वर्ष 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। अब इसके दूसरे पार्ट को लेकर दर्शक बेकरार हैं। फिल्म से जूनियर एनटीआर के लुक का खुलासा जल्द हो सकता है। कहा जा रहा है कि आगामी 20 मई को 'वॉर 2' का पोस्टर या टीजर जारी हो सकता है। दरअसल, 20 मई को जूनियर एनटीआर का जन्मदिन है। इस खास मौके पर निर्माता फिल्म में उनकी भूमिका से पर्दा उठा सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'वॉर 2' में अभिनेता नेगेटिव भूमिका में दिख सकते हैं। वहीं, ये भी कहा जा रहा है कि वे भारतीय एजेंट के रोल में नजर आ सकते हैं।

न्यूज गैलरी

25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार: सराफा कारोबारियों से करता था ठगी

नरसिंहपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने सोमवार को 25 हजार के इनामी आरोपी को पकड़ा है। यह आरोपी सराफा दुकानों पर जाकर व्यापारियों को बातों में उलझाता था और फिर सोने-चांदी के आभूषण लेकर भाग जाता था। बरमान के सतेन्द्र सोनी (47) ने बताया कि रविवार को आरोपी दुकान पर बैठा था, तब करीब 4.00 बजे अज्ञात व्यक्ति आए और सोने के जेवर दिखाने की बात बोले। इसके बाद उन्हें जेवर दिखाए। तभी जेवर देखते-देखते एक अज्ञात व्यक्ति ने चांदी की पायल उठाकर भागने लगा। मैंने उसका पीछा किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दो चोरों में से एक चोर को पकड़ लिया गया। चोर ने अपना नाम मस्तान अली पिता असगर अली निवासी अमन कालोनी थाना निशादपुरा भोपाल का बताया है। सराफा व्यापारी सतेन्द्र सोनी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 380 के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी मस्तान अली के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक उसके खिलाफ थाना म?ावरा जिला ललितपुर (उ.प्र.) के में पिछले साल धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। साथ ही आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था।

भिंड के गौरी तालाब में बुजुर्ग का शव मिला: घर से घूमने के लिए निकला था बुजुर्ग

भिंड/नवप्रदेश। भिंड में गौरी तालाब में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग का शव उतराता मिला। ये बुजुर्ग पिछले कई दिनों से गौरी तालाब के किनारे घूमने आ रहा था। सोमवार की सुबह बुजुर्ग ने तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। जब लोगों ने शव को पानी में देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को निकलवाया और पीएम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नयापुरा में रहने वाला 80 वर्षीय सौरा खान पुत्र इस्माइल खान सोमवार सुबह करीब सात बजे घर से घूमने के लिए निकले थे। सुबह करीब नौ बजे जब कुछ लोग मछलियों को दाना चुगा रहे थे, तभी उन्हें पानी में एक बुजुर्ग का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। लोगों ने सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से गेताखोरों की मदद से बाहर निकाला और पीएम के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक अपने पीछे दो बेटे इरशाद खान और दिलशाद खान को छोड़ गए हैं। परिवारजनों का कहना है, कि वह सुबह चाय पीकर घर से घूमने के लिए निकले थे। पुलिस ने फिलवक्त मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस ने शव का पीएम कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

आईशर और कंटेनर की भिड़ंत के बाद लगी आग: हादसे में जलकर एक की मौत

देवास/नवप्रदेश। देवास जिल में सोमवार तड़के 3.30बजे भोपाल मक्सी बायपास पर आईशर और कंटेनर की भिड़ंत के चलते दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। हादसे में कंटेनर चालक की दर्दनाक मौत हो गई।

दमकल व प्रशासन की मदद से एक को बचाया गया

दरअसल, सोमवार तड़के 3.30 बजे सुपारी से भरी आईशर और बर्तन इलेक्ट्रिक सामानों से कंटेनर के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर होने से कंटेनर का डीजल टैंक फट गया। जिसके चलते दोनों वाहन आग की चपेट में आ गए। हादसे मे कंटेनर चालक को जान गवानी पड़ी।

जानकारी अनुसार कंटेनर मक्सी भोपाल बायपास फोरलेन पर कंटेनर रॉन्ग साइड से आ रहा था। जो सही दिशा में आ रही आईशर से टकरा गया। आग पर काबू पाने में लगभग 4 से 5 घण्टे का समय लग गया। हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँची। करीब 20 दमकलो की मदद से आग पर काबू पाया गया।

निगम, इंडस्ट्री और और बीएनपी की फायर की टीम ने सामुहिक रुप से आग पर काबू पाया। मौके पर बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी और ट्रैफिक थाना प्रभारी पवन बागड़ी मौजूद थे। दमकल कर्मियों और पुलिस की मदद से क्रेन के माध्यम से कंटेनर का दरवाजा तोड़ा गया तब कहीं जाकर आज पर काबू पाया जा सका इस दौरान कंटेनर चालक की गंभीर झुलसने से मौत हो गई। निगम के फायर टेक्नीशियन अनुभव चंदेल ने बताया कि आज पर काबू पाने के लिए करीब 20 दमकलों का पानी लग गया और वही 500 लीटर फाग के जरिए आग पर काबू पाया। प्रशासन और निगम की दमकल कर्मियों की मुस्तैदी में चलते आईशर चालक की जान बचा ली गई।

आर्मी के ट्रक, कार और बस की भिड़ंत: जवान सहित तीन की मौत, 10 घायल

राजगढ़ में कार के ओवरटेक करने के दौरान हादसा

सीहोर/नवप्रदेश। राजगढ़ जिले में एनएच 46 पर सोमवार को सड़क दुर्घटना में जवान सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक बस यात्री और बस का क्लीनर भी शामिल है। हादसा सोमवार सुबह करीब 10 बजे पीलूखेड़ी गांव के समीप धागा फैक्ट्री के पास में हुआ। दुर्घटना में घायल आर्मी जवान कृष्णदत्य जोशी की भी दोपहर बाद भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

इस दुर्घटना में पहले पांच लोगों की मौत की सूचना मिली थी। मृतकों में आर्मी के दो जवान, 2 यात्री व एक फैक्ट्री का कर्मचारी बताया जा रहा था। हालांकि बाद में आर्मी के जवान सहित तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। सूचना मिलते ही आसपास के लोग, आर्मी व पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने आर्मी के ट्रक में फंसे जवानों को निकाला।

कार से टकराकर दूसरी लेन में पहुंचा ट्रक

एसडीओपी उपेंद्र भाटी ने बताया कि सेना का ट्रक और कार भोपाल से ब्यावरा की ओर आ रहे थे। कार ने ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार का अगला हिस्सा ट्रक के अगले हिस्से से जा टकराया। ट्रक का बैलेंस बिगड़ा और वह सड़क की दूसरी लेन में जा घुसा। सामने से आ रही बस उससे टकरा गई। बस ब्यावरा से भोपाल की ओर जा रही थी। ट्रक से टक्कर के बाद बस रोड की रेलिंग को तोड़कर सर्विस लेन को पार करते हुए साइड में बने एक मकान से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों ही गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

पहले बताया ट्रक का टायर फटने से हुआ हादसा

हादसे में बस के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही भीड़ जमा हो गई है। सूचना के बाद पुलिस और मिलिट्री के लोग पहुंचे और घायलों को भोपाल ले गए। प्रारंभिक जानकारी में बताया था कि ट्रक का टायर फट गया था, जिसके बाद एक के बाद एक तीन गाड़ियों में टक्कर हो गई।

यात्री ने भोपाल ले जाते समय दम तोड़ा

एसडीओपी उपेंद्र भाटी के अनुसार बस क्लीनर ओम ओरी निवासी गुना की हादसे में मौत हुई है। वहीं, 11 लोग घायल हुए हैं। थाना प्रभारी मेहताब सिंह ने बताया कि कुछ ज्यादा स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है, पड़ताल चल रही है। यात्री हरिओम शिवहरे निवासी नरसिंहगढ़, बस से भोपाल जा रहा था। टक्कर के बाद वह बस से नीचे गिर गया। उसे घायलों के साथ भोपाल भेजा गया था, जहां उसकी मौत हो गई। घायल आर्मी जवान कृष्णदत्य जोशी की भी भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

पहले 5 लोगों की मौत की सूचना थी, जांच के बाद स्पष्ट हुई स्थिति

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल था। प्राथमिक जानकारी में पुलिस ने सेना के दो जवान समेत 5 लोगों की मौत की बात कही थी। घटनास्थल और घायलों की जांच के बाद पुलिस और सेना के अधिकारियों ने मृतकों की संख्या को लेकर स्थिति स्पष्ट की।

भोपाल में 52 दिन में 1.25 करोड़ की शराब जब्त: लोकसभा चुनाव में 80 लाख रु. नकद जब्त

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में पिछले 52 दिनों में कुल 2.24 करोड़ रुपए की अवैध शराब और नकद राशि जब्त की गई। लोकसभा चुनाव के चलते यह कार्रवाई हुई। इनमें सवा करोड़ रुपए की अवैध शराब भी शामिल हैं। हालांकि, वोटिंग होते ही कार्रवाई भी थम गई। 6 दिन में अवैध शराब का एक भी केस नहीं बना है। चुनाव की आचार संहिता लगते ही 16 मार्च से कार्रवाई शुरू हुई थी, जो 7 मई तक जारी रही। इस दौरान पहली बार जिला प्रशासन ने 2.24 करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध शराब और नकदी जब्त की है। वहीं, 9.11 लाख रुपए के नशीले पदार्थ और 9.59 लाख रुपए की बहुमूल्य वस्तुएं भी शामिल हैं। मुफ्त उपहार के 4 प्रकरण भी बनाए गए। जिनकी कीमत 65 हजार रुपए है।

कार्रवाई में सबसे आगे रहा आबकारी विभाग

कार्रवाई में आबकारी विभाग सबसे आगे रहा। अकेले इस विभाग ने ही कुल 80 लाख रुपए से ज्यादा की शराब जब्त की है। बाकी शराब पुलिस और एफएसटी-एसएसटी टीमों ने जब्त की। पूरे चुनाव में 50 हजार रुपए या उससे अधिक नकदी लेकर चलने वालों पर टीमों की नजर रही। इसके चलते ही अब तक 80 लाख रुपए जब्त किए गए। हालांकि, जिन्होंने वाजिब सबूत दिए, उन्हें राशि लौटा भी दी गई। पैसा कहां से आया और कहां ले जाया जा रहा था। उस पैसे का सोर्स सबूतों के साथ बताना जरूरी रहा।

भोपाल में 12 से 19 अप्रैल के बीच नॉमिनेशन और फिर 22 अप्रैल तक नाम वापसी रही। नॉमिनेशन के साथ ही टीमें भी एक्टिव मोड में आ गई। इसके साथ ही भोपाल से जुड़े 5 जिले रायसेन, विदिशा, सीहोर, राजगढ़ और गुना जिलों की 19 सीमाओं पर भी टीमें तैनात की गई। इन जगहों पर चेकिंग पाइंट 24 घंटे तक तैनात रहे। चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में ब्लैक मनी का उपयोग होने की आशंका रहती है।

स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे दिग्विजय सिंह: सीसीटीवी की स्क्रीन पर दिख रही थी 4 जून की डेट; दिग्विजय ने उठाई आपत्ति

गुना/नवप्रदेश। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह सोमवार को स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ पत्नी अमृता सिंह और गुना लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह यादव भी मौजूद थे। उन्होंने चारों विधानसभाओं के स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीटीवी की स्क्रीन पर डेट 4 जून और समय गलत लिखा दिखा। इस पर दिग्विजय सिंह ने आपत्ति उठाई।

बता दें कि गुना और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को हुए मतदान के बाद 4 विधानसभा सीटों की ईवीएम मशीन पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गई है। सोमवार को पूर्व सीएम और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तो कई गंभीर गड़बडिड़ां सामने आई हैं। दिग्विजय सिंह जब निरीक्षण करने पहुंचे तो स्ट्रॉन्ग रूम के आसपास लगे कैमरों पर तारीख 4 जून दिखाई दे रही थी। जबकि सोमवार को तारीख 13 मई है। निरीक्षण के बाद दिग्विजय सिंह ने इसको लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस मामले को निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाने की बात कही है।

कांग्रेस ने कैमरों पर तारीख गलत दर्शाई जाने के मामले में तथ्यों को उजागर करते हुए बताया है कि अगर मतगणना तक स्ट्रॉन्ग रूम के आसपास कोई संदेहास्पद गतिविधि होती है, तो शिकायत के दौरान उसकी जांच या स्क्रूटनी करना संभव नहीं होगा। यदि 7 मई से 13 मई के बीच यदि कोई गड़बड़ी घटित हो चुकी है तो उसकी जांच कैसे सम्भव होगी। क्योंकि कैमरों के माध्यम से जांच समय और तारीख के आधार पर होती है। जबकि पीजी कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम के कैमरे तारीख 13 मई को तारीख 4 जून बता रहे हैं और समय भी रात के 3 बजकर 27 मिनट दर्शाया जा रहा है। इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने तत्काल गुना एसडीएम को जानकारी दी है। वहीं दिग्विजय सिंह ने उच्च स्तर पर शिकायत की बात कही है।

इसके बाद दिग्विजय सिंह सीधे कलेक्टर सतेंद्र सिंह को इसकी शिकायत करने रवाना हो गए। वहां कलेक्टर ने गड़बड़ी ठीक कराने का आश्वासन दिया है। निरीक्षण के दौरान पूर्व सीएम ने लोकसभा चुनाव के माहौल पर चर्चा करते हुए कहाकि लोगों का गुस्सा मतदान के जरिए सामने आ रहा है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस बेहतर से बेहतर परिणाम करेगी।

कमलनाथ ने भाजपा पर कसा तंज, बोले- किसानों को दाम नहीं, नौजवानों को काम नहीं; ये इनकी विशेषता है

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को दाम नहीं, नौजवानों को काम नहीं, महिलाओं को मान नहीं और दलित आदिवासियों को सम्मान नहीं' यह बीजेपी सरकार की सबसे बड़ी विशेषता है।

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण की वोटिंग आज की जा रही है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि आज लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान में भारत की जनता को अपने भविष्य और सच्चाई के लिए वोड डालना है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि भाजपा सरकार की सबसे बड़ी विशेषता है कि किसानों को दाम नहीं, नौजवानों को काम नहीं, महिलाओं को मान नहीं और दलित-आदिवासियों को सम्मान नहीं। सर्व समाज के इस अपमान को रोकने के लिए देश में सत्ता परिवर्तन करना जरूरी है। आज चौथे चरण के मतदान में भारत की जनता को अपने भविष्य और सच्चाई के लिए वोट डालना है।

सीएम कमलनाथ ने आगे लिखा कि कुछ जगहों से मतदान में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की शिकायतें भी आ रही हैं। मैं मतदाताओं से अपील करूंगा कि वे निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अगर कोई उन्हें डराता-धमकाता है तो उस शिकायत को सार्वजनिक करें। गौरतलब है कि एमपी में लोकसभा इलेक्शन के चौथे फेस में 8 सीटों पर मतदान जारी है। जिसमें उज्जैन, इंदौर, देवास, रतलाम, धार, मंदसौर, खंडवा और खरगोन सीट शामिल हैं। इन सभी सीटों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोड डाले जाएंगे। चौथे फेस में कुल 74 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी। इससे पहले 21 सीटों पर तीन चरणों में वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। देश समेत प्रदेश की सभी 29 सीटों के वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

फेसिंग में करंट आने से पिता-पुत्र की मौत

नीमच/नवप्रदेश। जिले की मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव गोगलियां खेड़ी में सोमवार देर शाम को एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में पिता पुत्र की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है हादसा इतना भयावा था कि पिता पुत्र बुरी तरह से झुलस गए। बताया जा रहा है कि फसल सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग में करंट आ रहा था। जिसके संपर्क पड़ोसी खेत के मालिक पिता पुत्र आ गए। हादसे में पिता पुत्र की झुलस कर मौत हो गई। हालांकि, मनासा पुलिस मौके पर है और पंचनामा बनाकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

शिवराज बोले- बंगाल में दीदी ने गणतंत्र को गुंडातंत्र में बदला

भोपाल/नवप्रदेश। पूर्व सीएम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडिया गठबंधन और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दीदी ने बंगाल में गणतंत्र को गुंडातंत्र में बदल दिया। मध्यप्रदेश में चौथे और अंतिम चरण की आठ सीटों पर मतदान हुआ। इस बीच प्रदेश के नेता अब दूसरे राज्यों में प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचे। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इंडिया गठबंधन का मतबल बताते हुए कहा कि आई से इममैच्योर मतलब अपरिपक्व। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता उलूल-जुलूल भाषण देते हैं। एन से नर्वस मतलब घबराए हुए। डी से डेंजरस मतलब खतरनाक। देश विरोधी बातें करते हैं और आई से इग्नोरेंट मतलब अनभिज्ञ। जनता से जुड़े विषयों की जानकारी नहीं है, जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दीदी, मां माटी मानुष की नहीं बल्कि मनी, माफिया और मर्डर की सरकार चला रही है। बंगाल का पवित्र त्योहार है सिंदूर खेला। लेकिन ममता दीदी ने अपनी क्रूरता से बंगाल की महिलाओं का सिंदूर तक छीन लिया। टीएमसी के गुंडों के आतंक ने कई महिलाओं का सुहाग उजाड़ दिया है। महिलाओं को सशक्त करने हम लखपति दीदी बना रहे हैं, लेकिन ममता दीदी खुद घोटाला दीदी बन गई है। दीदी कहती थी करबो-लड़बो-जीतवो, लेकिन सरकार में कर रही है काटबो, लड़ाबो और मारबो। पूर्व सीएम ने कहा कि बंगाल में दीदी ने गणतंत्र को गुंडातंत्र में बदल दिया है।

ज्ञान स्थाई होता है, जबकि तकनीक तो अस्थाई होती है- डॉ. आशुतोष कुमार सिंह

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस (11.05.2024) के अवसर पर एक व्याखान कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के संस्थानिक नवाचार परिषद के द्वारा किया गया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुराज माधव राजेंद्रन (IAS) सचिव, ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्य प्रदेश शासन एवम मुख्य वक्ता आशुतोष कुमार सिंह, डायरेक्टर, IIIT भोपाल उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ संजय तिवारी द्वारा की गई, साथ ही कार्यक्रम के आयोजक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सुशील मंडेरिया उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि रघुराज माधव राजेंद्रन (IAS) ने प्रौद्योगिकी दिवस के मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, तकनीक का उद्देश्य क्या होना चाहिए ? प्रौद्योगिकी का उद्देश्य यह होना चाहिए कि, यह हमारी किसी आवश्यकता को पूर्ण करें अथवा हमारे किसी समस्या को हल करें लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि, यह प्रौद्योगिकी हमारी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के स्थान पर नई आवश्यकताओं को भी पैदा कर देती है। कई बार यह भी देखते हैं कि, प्रौद्योगिकी किसी समस्या को हल करने के स्थान पर कुछ नई समस्याओं को भी पैदा कर देते हैं। श्री राजेंद्रन ने इस बात पर बल दिया कि, हमें गैर वाणिज्यिक विषयों पर शोध की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों से आवाहन किया कि, हमें गैर वाणिज्यिक किंतु सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर अनुसंधान करना चाहिए।

मुख्य वक्ता भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के निदेशक डॉक्टर आशुतोष कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में क्लाउड कंप्यूटिंग और मशीन लर्निंग पर अपने विचार रखते हुए कहा कि, ज्ञान स्थाई होता है, किंतु तकनीक अस्थाई होती है। उन्होंने क्लाउड कंप्यूटिंग की मूलभूत अवधारणा को समझाते हुए कहा कि, हमें क्लाउड कंप्यूटिंग पर स्थानांतरित होने की आवश्यकता क्यों होती है ? उन्होंने क्लाउड कंप्यूटिंग में आने वाली चुनौतियों की भी चर्चा की। डॉ. सिंह ने सर्वर मैनेजमेंट, रिसोर्स यूटिलाइजेशन की विभिन्न विधियां और वर्कलोड अनुमान पर प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने अपने स्वयं के समूह द्वारा बनाया हुआ क्वांटम मशीन लर्निंग मॉडल को भी समझाया। उन्होंने बिट को क्यूबिट में परिवर्तन करने हेतु एल्गोरिथम के निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के परिपेक्ष में दर्शकों को अवगत कराते हुए बताया कि, किस प्रकार 1999 से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। डॉ. तिवारी ने 1974 और फिर 1998 में किए गए भारत के प्रथम एवं द्वितीय परमाणु परीक्षणों का उल्लेख किया। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि, भारत जो कल तक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दूसरे देशों का अनुगामी था, आज वह विश्व में नेतृत्व कर रहा है। ऑटोमोबाइल, औषधि निर्माण और सूचना तकनीक के क्षेत्र में भारत विश्व में नेतृत्व कर रहा है। डॉ. तिवारी ने कहा कि, हमें नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए। जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के साथ-साथ अब आज की आवश्यकता है, जय अनुसंधान की। उन्होंने भारत में तकनीकी और प्रौद्योगिकी के विस्तार पर संक्षिप्त में प्रकाश डाला। भारत विश्व में स्टार्टअप की राजधानी बनने वाला है। भारत में 100 से अधिक यूनिकॉर्न है। उन्होंने उपस्थित दशकों से कहा कि, आपको इस तकनीकी और विज्ञान की प्रगति में अपना योगदान देना होगा और तकनीक का इस्तेमाल हमें हमारे समाज की समस्याओं को हल करने के लिए करना होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com